खबर संक्षेप

### अनियंत्रित कार बोलेरो से टकराई, चार घायल



**शहडोल।** जिले के अमलाई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बटुरा नेशनल हाइवे-43 पर एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर बोलेरो से जा टकराई। यह हादसा मंगलवार दोपहर साढ़े तीन बजे के आस-पास हुआ। हादसे में बोलेरो में सवार डेढ़ वर्षीय मासूम समेत चार लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में बुढार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सेमरा निवासी सुनील लोनी ने बताया कि वह अपनी बोलेरो क्रमांक एमपी-18 टी-3919 से अनूपपुर से अपने घर सेमरा आ रहे थे। गाड़ी में उनके साथ पत्नी प्रमिला लोनी व पुत्री सनाया उम्र 4 वर्ष एवं अनामिका डेढ़ वर्ष बैठी थी। इस बीच ग्राम बटुरा के पास बुढार की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार चालक ने वहां से गुजर रहे ट्रक को ओवरटेक करते हुए निकलने का प्रयास किया, लेकिन तभी कार अनियंत्रित होकर मेरे बोलरो से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि मेरी गाड़ी सडक़ किनारे पलट गई। इस हादसे में बोलेरो चालक सुनील की डेढ़ वर्षीय पुत्री अनामिका गंभीर रूप से घायल हो गई। जबकि अन्य सदस्यों को हल्की चोट आई है। बोलेरो चालक सुनील ने बताया कि उसकी पत्नी को 8 महीने का गर्भ है। गनीमत रही कि उसे कोई चोट नहीं आई। कार चालक के भी दुर्घटना में घायल हुआ है। उसे भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे का शिकार हुए सुनील ने बताया कि घटना की जानकारी जब मेरे घर वालों को लगी तो, एक अन्य वाहन से मेरी मां सुषमा लोनी व बहन अनुराधा लोनी हम लोगों का हाल जानने कुछ ही देर में घटना स्थल बटुरा पहुंच गई। जहां शराब के नशे में घटना स्थल पर मौजूद कुछ ग्रामीणों द्वारा मेरी बहन व मां के साथ मारपीट की गई। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में भी वायरल हो रहा है।

### सेना के जवान पर दर्ज हुआ दुष्कर्म का मामला

**शहडोल।** जिले के ब्योहारी थाना में सेना के जवान पर दुराचार का मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम मंटोला में रहने वाला संतोष कोल भारतीय सेना में नौकरी करता है। उसके द्वारा थाना क्षेत्र की ही रहने वाली एक 23 वर्षीय युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुराचार करने की शिकायत दर्ज कराई है। आरोपी के खिलाफ पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

### प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के स्थानांतरण पर विदाई समारोह का आयोजन



शहडोल। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेंद्र कुमार जैन का बड़वानी जिले में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर स्थानांतरण होने के कारण उनके सम्मान में एक विदाई समारोह का आयोजन जिला अधिवक्ता संघ शहडोल के सभागार में किया गया। समारोह में मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के सह अध्यक्ष दिनेश नारायण पाठक, एडवोकेट जिला अधिवक्ता संघ शहडोल के अध्यक्ष राकेश सिंह बघेल, प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पी.के.सेन मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, श्रीमती प्रीति साल्वे न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, अंजय सिंह न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, मानसी सिगोदिया न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, दीप्ती चौहान शासकीय अधिवक्ता, सुरेश जेठानी अपर शासकीय अधिवक्ता, नारायण मिश्रा अपर शासकीय अधिवक्ता, गौतम राज विशेष लोक अभियोजक, अरविंद द्विवेदी वरिष्ठ अधिवक्ता, रविन्द्र श्रीवास्तव, महेंद्र सराफ, एडवोकेट जिला अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष आर एन तिवारी सचिव सतीश पाठक एडवोकेट तुलशीदाश पाठक गिरीश श्रीवास्तव अशोक तिवारी धर्मेंद्र नामदेव ज्ञानेंद्र मिश्रा अजीत तिवारी आशा पांडे मंजुला तिवारी उर्मिला मिश्रा समीर अग्रवाल संतलाल चौधरी अनिल गुप्ता एडवोकेट सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता गण उपस्थित थे। समारोह का शुभारंभ में प्रधान जिला एवम सत्र न्यायाधीश को पुष्प माला से स्वागत किया गयाऔर स्वागत भाषण सुरेश जेठानी एडवोकेट ने दिया।

# 10 वर्षों से 12 पंचायतों का बोझ ढो रहा एक इंजीनियर

## घटिया निर्माण कार्यों की भरमार, शिकायतों की सुनवाई नहीं

शहडोल।

प्रशासन की नजरों से दूर जयसिंहनगर जनपद की पंचायतों में भ्रष्टाचार इतना अधिक बढ़ चुका है कि वे मानो अंधेर नगरी में तब्दील हो चुकीं हैं। लेकिन प्रशासन का कोई अधिकारी इन पर नकेल कसने को तैयार नहीं है। पंचायतों को सरपंच, सचिव तथा इंजीनियरों के सुपुर्द कर चैन की बंशी बजाई जा रही है और पंचायत के पदाधिकारी जमकर मनमानी कर रहे हैं। पंचायतों के दर्जनों मामले ऐसे हैं जो जांच की प्रतीक्षा कर रहे हैं, कई मामलों की जांच हो चुकी है, भ्रष्टाचार प्रमाणित भी हो गया। इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। ऐसा तो किसी अंधेर नगरी में ही होता होगा जब एक इंजीनियर एक दर्जन पंचायतों का अधिकारी हो और एक दशक से एक ही जगह पदस्थ हो। जनपद सीईओ भी उससे घबराते हैं।

### घटिया निर्माण से बढ़ा असंतोष

पंचायतों में चूंकि फर्जी प्रस्ताव बनाए जाकर अंधाधुंध तरीके से घटिया दर्जे के निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं इसलिए ग्रामीणों में दिनोदिन आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सरपंच व सचिव बिना ग्रामसभा की बैठकों के ही और पंचो की राय जाने बिना ही प्रस्ताव पारित कर उसमें कार्य शुरू कर देते हैं। जिसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिलता। जबकि शासन का लाखों रुपए खर्च हो जाता है। प्रस्ताव बनते ही प्राक्कलन भी बन जाता है और काम शुरू कर दिया जाता है। पुराने काम अधूरे पड़े हुए हैं उन्हे पूर्ण करने की उतनी जल्दी नहीं है जितनी कि नए काम शुरू करने की दिखाई देती है। पुराने कार्यों का हाल यह है कि उनकी अधिकांश राशि डकारी जा चुकी है और अब वे शायद कभी पूर्ण भी नहीं होंगे।




### पंचायतों के बोझ तले दब रहे

बताया गया कि आशुतोष चतुर्वेदी नामक इंजीनियर करीब 10 वर्षों से एक ही जगह पर पदस्थ हैं और इनके पास दादर, दरैन, गजनी, गंधिया, जगड़ा, कुदरी 3, लपरी, मीठी, नवा टोला, रिमार, सीधी, भटिगवां खुर्द एक दर्जन पंचायतों का प्रभार है। हैरानी की बात तो यह है कि एक इंजीनियर 12 पंचायतों का भार कैसे उठा सकता है? लेकिन श्री चतुर्वेदी बिना किसी शिकन के 10 वर्षों से काम कर रहे हैं। इनका काम किस तरह का है यह पंचायतों के अवलोकन से ज्ञात हो सकता है। जनपद से लेकर जिलांपचायत तक इंजीनियर श्री चतुर्वेदी अपनी धाक रखते हैं।

### जमकर रकम बटोर रहे

इनके पास जिन 12 पंचायतों का प्रभार है उन पंचायतों का हाल बे हाल है। निर्माण कार्य न तो गुणवत्तापूर्ण हो रहे हैं न कार्यों की जांच पड़ताल उनका सत्यापन किया जाता है। इंजीनियर चतुर्वेदी दिन भर या तो जनपद कार्यालय में बैठे रहते हैं या फिर साहब के इर्द गिर्द मंडराते रहते हैं। कमरे के अंदर बैठकर सारी पंचायतों का भौतिक सत्यापन कर दिया जाता है। मौका मुआयना कर निर्माण एजेंसी को जरूरी मार्गदर्शन देना तो जैसे इन्होने कभी सीखा ही नहीं। इसके बदले पंचायतों के सचिव इनकी सेवा खुशामद करते रहते हैं। इनके द्वारा वही किया जाता है जो सचिव कहते हैं। सभी पंचायतों के सचिवों से इनके आर्थिक गठजोड़ हैं।

### शिकायतों का नहीं होता असर

बताया गया कि भ्रष्ट इंजीनियर को हटाने के लिए कई बार प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। शिकायत होते ही दबा दी जाती है। इन्हे प्रशासन के बड़े अधिकारियों का वरदहस्त प्राप्त है। प्रशासन की भी एक खामी है कि अब कार्य को देखकर उसका मूल्यांकन करने की प्रथा समाप्त हो चुकी है। जो जितनी अधिक अपनी चादर सांट सकता है उसका उतना ही कल्याण होता है। इस नब्ज को जान लेने वाले अधिकारी कर्मचारी अब मजे में हैं। इंजीनियर चतुर्वेदी भी शायद इन्ही में से एक हैं।

हॉफ पैंट-बनियान पहन नशे में धुत्त बाईक दौड़ाना सीएमएचओ का पड़ा भारी

# वरिष्ठ संयुक्त संचालक ने सीएमएचओ के पद से हटाया



उमरिया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी का नेशनल हाईवे पर नशे में धुत्त बाइक दौड़ाने का वीडियो बीते दिन वॉयरल हुआ था, हॉफ पैंट और बनियान पहने मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर.के. मेहरा तेज रफ्तार से गाड़ी चला रहे हैं। बाइक में स्वास्थ्य विभाग के दो कनिष्ठ कर्मचारियों को भी बैठा रखा था। तीन लोगों के साथ बाइक चला रहे डॉक्टर ने हेलमेट भी नहीं पहन रखा था। नेशनल हाईवे एनएच 43 पर यह वीडियो बनाया गया था, जहां उनकी बाइक की रफ्तार भी बेहद अधिक नजर आ रही थी। इतना ही नहीं बाइक चलाने के दौरान बाइक पर सवार डॉक्टर आर.के.मेहरा और उनके पीछे बैठे दो अन्य कर्मचारियों ने हेलमेट भी नहीं लगाया हुआ था। इसमें से एक कर्मचारी का नाम शुभम यादव बताया गया है, जबकि दूसरे का नाम फिलहाल सामने नहीं आया है।

### 24 घंटे में हुई कार्यवाही

संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं मध्यप्रदेश के वरिष्ठ संयुक्त संचालक डॉ. राजू निदारिया ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी का नेशनल हाईवे पर नशे में धुत बाइक दौड़ाने का वीडियो बीते दिन वॉयरल होने के 24 घंटे के अंदर उन्हें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के पद से पृथक कर दिया है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि प्रशासकीय कार्य सुविधा की दृष्टि से डॉ. शिव ब्योहार चौधरी जिला परिवार कल्याण अधिकारी जिला उमरिया को तत्काल प्रभाव से अन्य आगामी आदेश तक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के प्रभार में पदस्थ किया जाता है। वहीं डॉ. आर.के. मेहरा शिशु रोग विशेषज्ञ को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला उमरिया के प्रभार से मुक्त करते हुए अन्य आगामी आदेश तक कार्यालय क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं रीवा संभाग रीवा में संलग्न किया जाता है। हालाकि इस पत्र के पीछे का कारण वॉयरल हुआ वीडियो बताया जा रहा है, वहीं अन्य दो कर्मचारियों पर जिला प्रशासन ने अभी तक किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नही की है।

# कपिल धारा योजना की राशि फर्जी रूप से की आहरण

## 26 को विशानपुरवा में आयोजित होगा समस्याओं और शिकायतों का निराकरण

### विशेष शिविर, कमिश्नर ने दिए निर्देश

शहडोल।



कमिश्नर बी.एस.जामोद ने साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम में संभाग के दूर-दाराज क्षेत्रों से आये लोगों की समस्याएं सुनी तथा समस्याओं के त्वरित निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में शहडोल जिले के जयसिंहनगर तहसील के ग्राम पंचायत रेऊसा के रामेश्वर पाल ने कमिश्नर को आवेदन देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा उसके खेत में कपिल धारा के नाम से कुएं का निर्माण कार्य कराया गया था, जिसमें मैंने अपना पैसा लगाकर निर्माण कार्य कराया था, किन्तु फर्जी मस्टर रोल भरकर लगभग 57 हजार 900 रूपये की राशि गबन कर ली गई है। मैंने कुएं का कार्य कर्ज लेकर कराया था। मुझे शासन से कोई राशि प्राप्त नहीं हुई है। रामेश्वर पाल ने कमिश्नर से कुएं के लिए स्वीकृत राशि मुहैया कराने की बात कही। ग्रामीण की शिकायत पर कमिश्नर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शहडोल को निर्देश दिए कि वह शिकायत की गंभीरता से जांच करेंए तथा प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

जनसुनवाई में शहडोल जिले के गोहपारू विकास खंड के ग्राम पंचायत विसनपुरवा की ग्रामीण महिलाओं ने कमिश्नर से शिकायत करते हुए बताया कि ग्राम पंचायत बिसनपुरवा की गरीबी रेखा की सूची में साधन संपन्न लोगों के नाम जुड़े है। ग्रामीण महिलाओ का कहना था कि हमारे पास खेती नहीं है, हम मजदूर हैं इसके बावजूद हमारा नाम गरीबी रेखा की सूची में नहीं जोड़ा गया है। ग्रामीण को कहना था कि ग्राम पंचायत के पटवारी और सचिव द्वारा गरीबी रेखा की सूची में गंभीर अनिमित्ताएं की गई है। जिसके कारण गरीब और कमजोर तपके के लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। ग्रामीण महिलाओं का कहना था कि ग्राम पंचायत में गरीबी रेखा की सूची के लिए पुनः सर्वे कराया जाए और गरीबी रेखा की सूची में पात्र हितग्राहियों का ही नाम जोड़ा जाए। जिस पर कमिश्नर ने ग्रामीण महिलाओं को समझाईस देते हुए बताया कि 26 जून 2024 को ग्राम पंचायत बिसनपुरवा के पंचायत भवन में क्षेत्र के एसडीएम, तहसीलदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत के सचिवए पटवारी एवं अन्य विभागों के मैदानी कर्मचारी शाम 04 बजे उपस्थित होकर आपकी समस्याएं सुनेंगे। कमिश्नर ने ग्रामीणों को बताया कि 26 जून को आपकी ग्राम पंचायत में शाम 04 बजे से आपकी समस्याओं के निराकरण के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा, उन्होनें ग्रामीणों को बताया कि आप नियत समय में उपस्थित होकर उनके समक्ष आपनी समस्याएं और शिकायतें रखें आपकी शिकायतों का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ किया जाएगा।

जनसुनवाई में शहडोल जिले के सोहागपुर तहसील के ग्राम बोडरी के ग्रामीण कृष्णा पटेल, रामलखन पटेल, कैलाश पटेल एवं अन्य ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत बोडरी के बोडरी से दुलहरा मार्ग, मिठौरी मार्ग, करूई मार्ग, दगदहा मार्ग, मणी मार्ग का आवागमन बंद कर दिया गया है। जबकि जब से ग्राम बोडरी मे बसाहट बसी थी तब से यहां लोगों का आवागमन एवं निस्तार तथा अन्य ग्रामों का मुख्य मार्ग था जो बंद कर दिया गया है। ग्रामीणों ने यह मार्ग तत्काल प्रारंभ करने की बात कमिश्नर से कहीं। जिस पर कमिश्नर ने कलेक्टर शहडोल को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

## पुस्तकालय खुलने के समय में परिवर्तन से हो रही परेशानी

# कलेक्टर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई

शहडोल।



अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर अरविंद शाह की उपस्थिति में कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित हुई। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अमृता गर्ग एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर अरविंद शाह ने जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आए हुए लोगों की शिकायतें एवं समास्याएं सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को संभागीय मुख्यालय शहडोल के स्वामी विवेकानन्द जिला पुस्तकालय में पडने वाले छात्र-छात्राओं ने सामूहिक आवदेन देकर बताया कि जिला पुस्तकालय शहडोल पिछले एक वर्ष से प्रातः 08 बजे से शाम 08 बजे तक तथा सप्ताह के प्रत्येक दिन संचालित होता आ रहा है, परन्तु नये आदेश के अनुसार पुस्तकालय के संचालित होने का समय परिवर्तन कर प्रातः 10 बज से शाम 06 तक निर्धारित किया गया है। साथ ही रविवार को अवकाश भी रखा गया है। जिस कारण से जिला पुस्तकाल में पडऩे वाले छात्र-छात्राओं को काफी समस्याएं हो रही है। उन्होंने बताया कि आगामी परीक्षाओं एमपीपीएसी, यूपीएससी, रेलवे, एसएससी बैंक इत्यादि को ध्यान में रखते हुए पुस्तकालय खुलने का समय पूर्व की भांति प्रातः 08 बजे से शाम 08 बजे तक तथा रविवार को भी संचालित किया जाए। जिस पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने संबंधित अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर छात्र-छात्राओं के मांग के अनुसार आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में धनपुरी के कच्छी मोहल्ला निवासी शेख कलामुद्दीन ने आवेदन देते हुए बताया कि उनके पुत्र मोहम्मद इरशाद उम्र 38 वर्ष जो की शारीरिक रूप से कमजोर हैं एवं वर्तमान समय पर पेट में गठान एवं सूजन से पीड़ित है। उन्होंने बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर है एवं आयुष्मान कार्ड भी नहीं बना है। आयुष्मान कार्ड नहीं होने के कारण अपने पुत्र का इलाज करने में असमर्थ हैं। उनका कहना था कि उनके पुत्र के नाम से आयुष्मान कार्ड बनवा दिया जाए, जिससे वह अपने पुत्र का उचित इलाज करा सके। जिस पर मामले की सुनवाई करते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर अरविंद शाह ने संबंधित विभाग की ओर आवेदन आवेदन प्रेषित करते हुए निर्देश दिए कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करें।

इसी प्रकार बब्बू सिंह पिता फूलशाह सिंह निवासी ग्राम कर्री तहसील गोहपारू जिला शहडोल ने आवेदन देते हुए बताया कि वह ग्राम कर्री तहसील गोहपारु के स्थाई निवासी हैं। उनके पुत्र बृहस्पति सिंह का कुछ महीने पहले पर टूट गया था, जिसका इलाज जबलपुर में चल रहा था। उस दौरान मैं अपने पुत्र का इलाज जबलपुर में करवाने के कारण गांव में राशन की दुकान से राशन लेने में असमर्थ रहा। जिस कारण मेरे नाम से ग्राम कर्री तहसील गोहपारु की राशन दुकान में राशन आना बंद हो गया है। उनका कहना था कि उन्हें उनके गांव की राशन दुकान में उनके नाम से पुनः राशन चालू करवाया जाए। जिस पर मामले की सुनवाई करते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर श्री अरविंद शाह ने संबंधित विभाग की ओर आवेदन प्रेषित करते हुए निर्देश दिए कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करें।

जनसुनवाई में रामबाई यादव निवासी ग्राम पोस्ट गोहपारू जिला शहडोल ने आवेदन देते हुए बताया कि वह गोहपारू की निवासी हैं तथा मेरे नाम से ग्राम हर्दिहा कलां में भूमि हैं जिसका नामांकन करने के लिए मेरे द्वारा 13 अप्रैल 2024 को लोकसेवा केंद्र में आवेदन किया गया था जिसकी सीमांकन की समयावधि 30 मई 2024 तक थीए परंतु राजस्व निरीक्षक द्वारा आज तक सीमांकन नहीं किया गया है। उनका कहना था कि उनकी भूमि का तत्काल सीमांकन कराया जाए। जिस पर मामले की सुनवाई करते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर श्री अरविंद शाह ने संबंधित विभाग की ओर आवेदन प्रेषित करते हुए निर्देश दिए कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करें।इसी प्रकार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर श्री अरविंद शाह ने अन्य लोगों की भी शिकायतें सुनी एवं निराकरण के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए।

# एडीम कसेंगे लापरवाह आरआई पर नकेल

### कलेक्टर ने एडीएम को सौंपी जांच, व्यापारियों ने की थी शिकायत

**उमरिया।** जिला मुख्यालय में राजस्व विभाग द्वारा तैनात किए गए राजस्व निरीक्षक नजूल रामानंद तिवारी के द्वारा शासकीय भूमि को खुद अतिक्रमण कराए जाने और अतिक्रमणकारियों से रुपए लेने के अलावा शासकीय भूखंडों पर भू-माफियाओं के साथ मिलकर खुर्द-बुर्द करने के आरोप तो हमेशा से लगते रहे हैं, इसी बीच उमरिया के प्रबुद्धजनों ने इस मामले की शिकायत उमरिया कलेक्टर को दी है और कलेक्टर ने एडीएम शिव गोविंद सिंह को मामले की शिकायत सौंपते हुए इसकी जांच और अग्रिम का कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। उमरिया मुख्यालय में कई वर्षों से पदस्थ राजस्व निरीक्षक रामानंद तिवारी के द्वारा नजूल की भूमि पर लगातार हो रहे अतिक्रमण को रोकने की बात तो दूर, उनके द्वारा खुद उसे संरक्षण देकर अपनी जेब भरने के लिए लगातार शासकीय भूमियों के सौदे कराए जाते रहे हैं, रामानंद तिवारी की लापरवाही और धन लोलुपता का सबसे बड़ा उदाहरण तो यह है कि उन्होंने नजूल की अन्य भूमियों की बात तो दूर, जिला मुख्यालय स्थित नगर पालिका के द्वारा नालियों के ऊपर बनाए गए फुटपाथ तक पर लोगों को कब्जा करवा कर खुद की जेब भर ली, उन पर आरोप है कि कई स्थानों पर तो उन्होंने गुमटियां रखकर उसे भाड़े पर दिया हुआ है, जिस कारण लगातार शहर की सडक़े और मुख्य चौक सिकुड़ते जा रहे हैं, इससे दुर्घटनाएं भी हो रही है और जिला मुख्यालय की सुंदरता पर ग्रहण भी लगता जा रहा है।

### लाखों की बेनामी संपत्ति

लंबे अरसे से राजस्व विभाग में टिके रामानंद तिवारी पर स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि उन्होंने दर्जनों स्थानों पर नजूल की भूमि को माफिया के साथ-साथ काट काटकर न सिर्फ विक्रय कर दिया,



बल्कि इससे करोड़ों रुपए अर्जित भी किए हैं, उनके द्वारा अपने शासकीय सेवा में कार्यकाल के दौरान करोड़ों रुपए की बेनामी संपत्ति बनाई गई है, इस मामले में आयकर विभाग और लोकायुक्त को भी स्थानीय जन अपनी शिकायतें पहुंचा रहे हैं, स्थानीय जनों का कहना है कि उनके धन लोलुपता के व्यवहार के कारण न सिर्फ शहर की सुंदरता पर ग्रहण लग रहा है, बल्कि उनकी देखा देखी अन्य राजस्व विभाग के कर्मचारी भी अब रामानंद से प्रेरित होकर शासकीय भूखंडों के सौदे करने लगे हैं, प्रबुद्धजनों ने कहा कि उनके द्वारा अर्जित चल और अचल संपत्ति की यदि जांच की जाती है तो, चौंकाने वाले खुलासे होंगे।

### जल्द ही जांच रिपोर्ट सौंपेंगे एडीएम

उमरिया जिला मुख्यालय में रामानंद तिवारी के द्वारा लगातार शासकीय भूखंडों और नजूल की भूमि को माफिया के साथ मिलकर खुर्द बुर्द करने और खुद आगे आकर अतिक्रमण करने के मामले में स्थानीयजनों ने संयुक्त रूप से एक शिकायत उमरिया कलेक्टर को बीते दिन ही सौंप थी, प्रशासनिक सूत्रों के हवाले से जानकारी मिली है कि 19 जून को यह शिकायत एडीएम शिवगोविंद के पास पहुंच चुकी है और अगले दो से तीन दिनों में इस मामले में संबंधित पक्षों के बयान और साक्ष्य एकत्रित करने के बाद कार्यवाही की जाएगी।

### इनका कहना है

हमे शिकायत की कॉपी जांच के लिए मिल चुकी है,जल्द ही इस मामले में जांच पूरी कर वरिष्ठ अधिकारी को रिपोर्ट सौंपी जाएगी।

**शिव गोविंद सिंह**
**एडीएम, उमरिया**

**कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जिला शहडोल (म.प्र.)**
Email:- dmshahdol@mp.gov.in
Phone No. 07652-241700
शहडोल दिनांक 24 जून, 2024

**सार्वजनिक सूचना**


विषयांतर्गत डिविजनल रिटेल सेल्स हेड इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड जबलपुर जरिये श्री दीपक सिंह पिता श्री हरदेवन सिंह उइके निवासी मकान नं. 53 वार्ड नं. 12 कछार पोस्ट बिलटिकुरी तहसील जैतपुर जिला शहडोल (म.प्र.) द्वारा भूमि खसरा नं. 1664/5/1/1 (परिवर्तित खसरा नं. 1664/5/1/1/2 ) ग्राम बुढ़ार, जिला शहडोल (म.प्र.) पर नए रिटेल आउटलेट पर सुविधाओं का निर्माण करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय करने का अनुरोध किया गया है।

अतः उक्त रीटेल आउटलेट की स्थापना से किसी व्यक्ति को कोई आपनि हो तो वह 30 दिवस के अंदर इस कार्यालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट जिला शहडोल (म.प्र.)**

## खबर संक्षेप

### किसानों के चेहरे में खुशी की लहर



**उमरिया।** जिले के अंतर्गत घुलघुली क्षेत्र में 25 जून मंगलवार को 3: 50 से 4:30 आंधी तूफ़ान के साथ भारी वर्षा हुई। वर्षा के चलते लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है, गरज, चमक, तूफान के साथ बने माहौल से ऐसा नहीं लगता था की राहत भरी बारिश होगी, एक घंटा करीब हुई झमाझम बारिश से राहत महसूस हुई। क्षेत्र में हुई पहली बरसात से खेती किसानी का काम काज तेजी से हो जायेगा, बहुत से किसान बीज डाल चुके है, लेकिन बहुत से किसानों को प्रथम बारिश का इंतजार था, जो आज जाकर खत्म हुआ। आंधी तूफान से ग्राम पंचायत घुलघुली के अंतर्गत ग्राम धनवाही में 11 केवी बिजली का खंभा गिरी गया है, लेकिन ऊपर किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई है।

### आज उमरिया में मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह

**उमरिया।** प्रदेश जन जातीय कार्य विभागए लोक परिसंपत्ति प्रबंधन एवं भोपाल गैस त्रासदी राहत तथा पुर्नवास मंत्री डा कुंवर विजय शाह 26 जून को उमरिया आयेंगे। श्री शाह 26 जून को प्रातः 9 बजे अमरकंटक से प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे उमरिया पहुंचेगे। दोपहर 3 बजे एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय एवं कन्या शिक्षा परिसर का निरीक्षण करेंगे तथा विभागीय योजनाओ की समीक्षा सर्किट हाउस उमरिया मे करेंगें तथा रात्रि विभाग सर्किट हाउस उमरिया में करेंगे। श्री शाह 27 जून को बांधवगढ राष्ट्रीय उद्यान उमरिया का भ्रमण करेंगे। दोपहर 2 बजे बांधवगढ राष्ट्रीय उद्यान उमरिया से जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे ।

### विधायक बांधवगढ नें किया शिव मंदिर के लिए भूमिपूजन

**उमरिया।** विधायक बांधवगढ शिवनारायण सिंह के मुख्य आतिथ्य में नौरोजाबाद बाजारपुरा मे शिव मंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ । भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक बांधवगढ ने कहा कि कि भगवान शिव हमारे अराध्य है। साथ ही मंदिर का निर्माण कराना पुनीत कार्य है। शिवमंदिर निर्माण मे हर संभव सहयोग किया जाएगा। इस अवसर पर डॉक्टर गौतम, लल्लू गुप्ता, अनिल गुप्ता, राजेश लालवानी, मोहित जगवानी, आसू गुप्ता, लव कुश गुप्ता,गेंदलाल, शम्भू शंकर गुप्ता, तुलसी मोटवानी सहित बाजारपूरा के समस्त व्यापारी उपस्थित रहे ।

### प्रथम सोमवार को करवाई गई सुहगली पूजा



**कोतमा।** कोतमा नगर के वार्ड क्रमांक 1 स्थित शिव मंदिर में नगर के धार्मिक महिलाओं के द्वारा अपने पति के लंबे आयु को लेकर सुहागली माता की पूजा की गई। असाढ मास के प्रथम सोमवार को प्रीति ताम्रकार के द्वारा सुहगली पूजा करवाई गई। जहा अनेक सुहागवती महिलाओं द्वारा सुबह से व्रत रहकर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। पूजा के बाद मंगल गीत गाया एवं सुहागिन सामग्री को आपस में बाटा गया। पूजा के दौरान प्रीति ताम्रकार, गीता अग्रवाल, प्रियंका ताम्रकार, शिवा ताम्रकार, रेखा ताम्रकार, छाया सोनी, ज्योति, सुष्मिता, मंजुषा, तुलसी, संगीता, नीतू सहित अन्य महिलाए शमिल रही।

### अग्रसेन भवन में उत्साह पूर्वक संपन्न हुआ योग दिवस

**कोतमा।** कोतमा नगर में विश्व योग दिवस पर राधे राधे योग समिति कोतमा द्वारा अग्रसेन भवन में उत्साह पूर्वक संपन्न कराया गया जिसमे नगर के योग प्रेमियों द्वारा बढ़कर हिस्सा लिया गया और धूमधाम से उत्साह पूर्वक मनाया गया। योग प्रशिक्षक द्वारा सभी योग साधकों को योग का प्रशिक्षण दिया गया। योग करने के लिए बड़ी संख्या में पुरुष महिलाएं और बच्चे योग अभ्यास लिए एकत्रित हुए योग प्रशिक्षण का लाभ लिए योग प्रशिक्षण कार्यक्रम में वरिष्ठ योग साधक फूलचंद अग्रवाल, रामेश्वर गुप्ता, शिवकुमार अग्रवाल, राजेंद्र गुप्ता, हनुमान गर्ग, मनीष अग्रवाल, रामपाल पांडे और बद्री भैया का विशेष योगदान रहा।

---

### ठेकेदार को आबकारी-पुलिस की छूट, कार्यवाही की मांग

# ओव्हर रेट के साथ ठेकेदार करा रहा शराब की पैकारी

**शहडोल।** शराब के शौकीनों से सरकार तो नियमानुसार कमाई कर ही रही है, लेकिन उनके जेब पर शराब माफिया भी डाका डाल रहे हैं। करोड़ों की इस कमाई में आबकारी विभाग व थाना पुलिस भी हिस्सेदार हो गई है। बदले में ठेकों की अवैध ब्रांच, ओवररेट और मनमाने समय ठेके खोलने की छूट मिली हुई है। आबकारी विभाग व पुलिस विभाग के संरक्षण पर इन दिनों अवैध शराब व मंहगी दामों में बिना सूची दर के कारोबार जयसिंहनगर में चल रहा है, कनाड़ी, करकी, टेटका, बनसुकली, कौआसरई, कुबरा, कौआ सरई के लगभग ढ़ाबों पर ठेकेदार द्वारा ऑफ रिकार्ड ठेका खुलवा दिया गया है। कहीं न कहीं आबकारी विभाग एवं स्थानीय पुलिसकर्मियों की शह पर ही अवैध शराब बिक्री का कारोबार चल रहा है। लोगों द्वारा कई पेटी देशी व अंग्रेजी शराब एकत्रित कर एवं घरों में बैठाकर पिलायी जाती है। ऐसा नहीं है कि इन सब कि भनक आबकारी विभाग व पुलिस को नहीं है, लेकिन जब अधिकरियों का फरमान आता है तो, खानापूर्ति करने के लिए छोटी मोटी कार्यवाही कर अधिकारियो के आदेशों के कोरम को पूरा कर लिया जाता है।

#### ठेकेदार का अफसरों से सीधा संपर्क

हर दुकान से औसतन 20 हजार रुपए आबकारी विभाग और 5 से 10 हजार रुपए पुलिस थाना में पहुंचते हैं। मंथली रेट ठेके की बिक्री और लोकेशन के हिसाब से सेट होती है। अमूमन 1 लाख रुपए रोजाना सेल वाले ठेके से 20 हजार रुपए तक और डेढ़ लाख वाले से 30 हजार रुपये तक आबकारी विभाग को पैसा पहुंचता है। वसूली आबकारी थानों के जरिये होती है। ठेकेदार सीधे अफसरों के संपर्क में रहता है और यही लेन-देन और मैनेजमेंट




करता है। दुकान की लोकेशन सेट करना, शिकायत देखना, उनकी कमी पूर्ति करवाने आदि की डील वहीं करता है।

#### मंथली के बदले में कार्रवाई न होने की गारंटी

दरअसल शराब ठेका के संचालन में लोकेशन, समय, बिक्री रिकार्ड, रेट बोर्ड, स्टाफ की वर्दी, सीसी कैमरा से लेकर दर्जनों नियम-पाबंदियां हैं। ठेके के बाहर या आस-पास पुलिस गश्त या आबकारी पुलिस वाहन खड़ा हो जाए तो ग्राहक गायब हो जाते हैं। ये नौबत न आए इसलिए ठेकेदार पहले ही मंथली सेट कर बला टाल देते हैं। बदले में अवैध ब्रांचों से बिक्री, ओवर रेट सहित किसी भी मामले में कार्रवाई नहीं होने की गारंटी मिलती है। सरकार के बनाए नियमों ही ढाल बना दिया जाता है। ओवररेट बेचने पर केस बनाकर जुर्माना लगता है, इसके बाद सेटिंग हो जाती है, फिर रजामंदी से ओवररेट का छोटा केस बनता है, अवैध बिक्री में 1या 2 पेटी का केस लगा सरकारी आंकड़ों की पूर्ति कर दी जाती है।

#### कार्यवाही से कायम होगी शांति

ठेकेदार द्वारा अवैध रूप से शराब की पैकारी कनाड़ी, करकी, टेटका, बनसुकली, कौआसरई, कुबरा, कौआ सरई के लगभग ढ़ाबों सहित आस-पास के अंचल में परोसी जा रही है। शाम होते ही ग्रामीण अंचलों की गलिया मयखाने में तब्दील हो जाती हैं और खुलेआम शराब परोसने का काम शुरू हो जाता है। शराबियों का जमावड़ा शाम होते ही गली मौहल्लों में दिखाई देने लगता है। कई बार शराब के नशे में कोई भी किसी को मारपीट कर देते हैं, विवाद शुरू होने लगता है। जयसिंहनगर क्षेत्र सहित ग्रामीण जनता ने जगह-जगह चल रहे अवैध शराब की ठीहों पर कार्यवाही करने की मांग की है, जिससे क्षेत्र मां शांति व्यवस्था बनी रहे।

---

### बाजार में बिक रहा अमानक स्तर का खाद एवं बीज

## खाद एवं बीज के रेट लिस्ट लगवाए, बिल दिया जाए

**मानपुर।** किसान के कमर की रीढ़ खाद बीज एवं जमीन मानी जाती है और यदि रीढ़ टूट जाए तो, स्वाभाविक है कि किसान अपाहिज हो जाएगा , यदि उसे नकली खाद व बीज महँगे रेट पर मिल गया तो साल भर की मेहनत पर पानी फिर जाएगा, लेकिन उसकी परवाह कृषि विभाग के अधिकारियों को नहीं है।



#### जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

सूत्रों से जानकारी मिली है कि बाजार के अंदर भारी मात्रा में नकली खाद एवं बीज का भंडारण व्यापारियों द्वारा किया गया है और किसानों को लूटने की पूरी तैयारी चल रही है। किसानो के लूटने के पहले प्रशासन को हरकत में आना चाहिए, ताकि नकली खाद व बिज जप्त हो सके, अन्यथा किसान बेवजह मर जाएगा। मानपुर,कठार,बिजौरी, ताला, दमना, चिल्हारी, अमरपुर, इंदवार आदि क्षेत्र में किराना के दुकानों में भी दुकानदार नकली खाद बीज का भंडारण किए हुए हैं।

#### नियमों की धड़ल्ले से उड़ाई जा रही धज्जियां

जानकारों का कहना है कि केंद्र सरकार के नए निर्देश के अनुसार बीएससी ग्रेजुएशन की डिग्री धारक ही कीटनाशक बेच सकते हैं, वहीं मानपुर तहसील के अधिकांश दुकानदार 10 वीं पास भी नहीं है, लाइसेंस धारी का नाम ऑनलाइन होने के पारदर्शी रखा गया है, इसके बावजूद भी कृषि विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से खुलेआम कीटनाशक खाद और बीच की दुकानें संचालित हो रही है, इस कारण किसानों को नकली कीटनाशक और बीज खरीदना पड़ रहा है और किसान ठगी का शिकार होते जा रहे हैं, सूत्रों की माने तो क्षेत्र में बिना लाइसेंस के भी दुकानदार खाद-बीज के साथ दवाई बेच रहे हैं।

#### घर पहुँच सेवा

नकली खाद बीज के कारोबार का आलम यह है कि व्यापारी किसानों के घर तक इसे उपलब्ध करा रहे हैं, किसानों को यह सामग्री उधारी में भी दी जा रही है, कई किसान उनके बहकावे में आकर यह नकली खाद बीज खरीद रहे हैं, नकली बीज की बोवनी करने पर फसल निकलना तो दूर की बात है, इनमें अंकुरण भी नहीं हो पा रहा है।

#### कार्यवाई पर जिम्मेदार मौन

फ्री मानसून की बारिश के बाद से ही तहसील क्षेत्र में बोवनी का दौर शुरू हो जाता है, मगर जो किसान अपने खेत में बीज वा कीटनाशक डाल रहे है, उसके संबंध में जानकारी ही नहीं मिल पाती, इस कारण अमानक खाद बीज और दवाइयां का डर भी उनके मन में बैठा रहता है, इसकी आड़ में नकली सामग्री खुलेआम बेची जा रही है।

#### बड़े पैमाने पर मचाए हुए हैं अंधेरगर्दी

कुछ व्यापारियों द्वारा कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ मिली भगत कर बड़े पैमाने पर अंधेर गरदी मचाए हुए हैं और विभागीय अमला कुंभकरण निद्रा में सोया हुआ है, किसानों का हितैषी बताने वाला कृषि विभाग की सारी हकीकत उस समय सामने आ जाती है, जब किसानों के हाथ में नकली खदा व बीज का पैकेट होता है।

#### नकली बीज को खपाने की रणनीति तैयार

जिले के अंदर फर्जी कंपनियों के बीज भारी मात्रा में आने की जानकारी मिली है और व्यापारियों ने इसी बीज को छुपाने की रणनीति तैयार कर ली है, ब्रांडेड कंपनियों का लेवल लगाकर माल को पैक करवा कर मार्केट में लाया जा रहा है और महंगे दामों में बेचा जा रहा है, जो धान पिछले वर्ष 3 किलो का पैकेट 800 रुपये में मिलती थी, इस वर्ष 1150 रुपए में मिल रही है, जिले के कृषि विभाग के अधिकारी हाथ में हाथ रखे बैठे हुए हैं, अभी तक एक भी दुकान पर ना तो निरीक्षण हुआ और ना ही कार्यवाही इससे स्पष्ट होता है कि प्रशासनिक अधिकारियों का संरक्षण दुकानदारों को प्राप्त है, इस धान बीज के पैकेट पर शासन की आवश्यक अनुमति अथवा प्रमाणीकरण की कोई जानकारी प्रदर्शित नहीं होती है।

अधिकारियों व व्यापारियों की चल रही साथ घाट बैंकों से कर्ज लेकर नकली बीज घटिया खाद व कीटनाशकों के प्रयोग से बर्बाद होती फसलों के कारण किसानों द्वारा लगातार आत्महत्या के मामले प्रकाश में आते रहते हैं, लेकिन इसके बाद भी प्रशासन द्वारा इस पर रोक नहीं लगाई जा रही है, अब लगता है कि किसानों के साथ भी ऐसे ही कुछ होने जा रहा है, जहां जिले में किसानों को आत्महत्या की ओर विवश होने का षड्यंत्र कृषि विभाग के अधिकारियों और बीज उत्पादक कंपनियां व्यापारियों की सांठ-गांठ से रचा जा रहा है, यदि वास्तव में कृषि विभाग के अधिकारी और प्रशासन किसानों के हित चिंतक हैं तो, उन्हें तत्काल जिले में बीज उत्पादक समितियां बनाकर बाजार में व्यापारियों द्वारा बेची जा रही कीटनाशक धान बीज और दवाइयां का निरीक्षण करना चाहिए और किसानों को घटिया खाद बीज महँगे रेट पर खरीदने से बचाना चाहिए।

---

## नौरोजाबाद में गौरव दिवस कार्यक्रम संपन्न

**उमरिया।** बुंदेले हरबोलों के मुँह हमने सुनी कहानी थी। ख़ूब लड़ी मर्दानी वह तो, झाँसी वाली रानी थी॥ रानी दुर्गावती भारत की उन वीरांगनाओं में से एक हैं, जिन्होंने अपने शौर्य और साहस से वीरता एक नई इबारत लिखी। रानी दुर्गावती ने किसी के आगे घुटने नहीं टेके और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण तक न्यौछावर कर दिए। उनका साहस और बलिदान हमेशा देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा।रानी दुर्गावती गोंडवाना अंचल ही नहीं पूरे देश की शान थीं। उनका शौर्य आज भी अनुकरणीय और नारी शक्ति के गौरव व गरिमा का प्रतीक है। उक्तय आशय के विचार जनप्रतिनिधि मनीष सिंह ने नगर परिषद नौरोजाबाद में रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस, पुण्यतिथि पर आयोजित नगर गौरव दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।



आपने कहा कहा कि वर्तमान जबलपुर उनके राज्य का केंद्र था। रानी दुर्गावती ने 16 वर्ष तक इस क्षेत्र में शासन किया। इनके कुशल प्रशासक और शौर्य के चर्चे अधिक थे। 24 जून 1564 को वह युद्धभूमि में लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुईं। इनके संघर्षों से आज की युवा पीढ़ी और बालिकाओं को प्रेरणा लेने की जरूरत है।

इस अवसर परए नगर पालिका अध्यक्ष कुशल सिंह, उपाध्यक्ष नईम बेग, नौरोजाबाद तहसीलदार अभयनंद शर्मा, पार्षद गण पर्वत सिंह, नंद किशोर, सावित्री, दीपा, प्रमोद शैलु, सुभाष नारायण, विलोक दहिया, पार्षद पति बज्जू, लक्ष्मण, गुरु द्वारा समिति के अध्यक्ष जसवंत सिंह, सीएमओ ज्योति सिंह, उपयंत्री सुखेन्द्र तोमर समस्त स्टाफ एवं आम नागरिक उपस्थिति थे।

कार्यक्रम में माँ ज्वाला देवी जागरण समूह उचेहरा द्वारा स्वागत गीत, ग्राम आकाशकोट के आदिवासी कलाकारों के द्वारा शैला नृत्य एवं कर्मा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। शहडोल से आए नुक्कड़ नाटक कलाकार अविनाश राव और उनकी टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से गौण साम्राज्य की वीरांगना रानी दुर्गावती की वीरता की गाथा सुनाई गई। कार्यक्रम के अंत मे मुख्य नगर परिषद अधिकारी ज्योति सिंह एवं उनके टीम के द्वारा कार्यक्रम मे उपस्थित अतिथियों, नगर परिषद के सभी पार्षदों, पत्रकारों एवं गणमान्य नागरिकों एवं गौरव दिवस के सांस्कृतिक कार्यक्रमों मे भाग लेने वाले प्रतिभागियों को शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

## जमीन संबंधी शिकायत लेकर किसान पहुंचे कलेक्टर के दरबार



**उमरिया।** जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत कलेक्टर सभागार में अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम एवं डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले ने जिला प्रमुख अधिकारियों की उपस्थिति में जिले के दूर दराज क्षेत्रों से आने वाले ग्रामीणों की समस्याओ को सुना एवं उनका निराकरण कराया । जनसुनवाई में मंती बाई आमगार ने वन अधिकार का पट्टा दिलाने, बाबूलाल केवट ग्राम खिचकिडी ने सीमांकन कराने, मो. इकबाल ने किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने, श्याम बाई ग्राम किरनताल ने बेदखली कराने, दान बहादुर घंघरी ने निजी जमीन से शेड हटवाने, दुर्गा साहू रायपुर ने किसान सम्माान निधि योजना का लाभ दिलाने, धीरज चौधरी ग्राम मुण्डा ने आपात्र व्यक्तियो को जन मन योजना का देने, मुन्ना यादव ग्राम पाली ने जमीन का सीमांकन कराने, रहल सिंह ग्राम गोपालपुर ने जमीन मे मेढ बनाने तथा मझौली ग्राम के लोगो ने पट्टो की जांच कराने संबंधी आवेदन किया।

---

## यात्री प्रतीक्षालय में यात्रियों की जगह शराबियों का जमघट



**मूलभूत सुविधाओं से वंचित यात्री, कार्यवाही की मांग**

**कोतमा।** नगर के बस स्टैंड मे यात्री प्रतीक्षालय बनाया गया हैं। प्रतीक्षालय मे दिन भर नगर के असामाजिक तत्वों का कब्जा रहता है। इस कारण प्रतीक्षालय में यात्रियों को बैठने में परेशानी होती है। मजबूरी में यात्रियों को खुले आसमान के नीचे खड़े होकर बस का इंतजार करना पड़ता है। स्थानीय रहवासियों ने कई बार इसकी शिकायत भी की है, लेकिन जिम्मेदारों के ध्यान नहीं देने से इस समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। नगर के यात्री प्रतीक्षालय में बैठकर यह असामाजिक तत्व दिन भर खुलेआम नशा करते हैं और लोगो के साथ मारपीट और गाली गलौज करते हैं। इससे बस की प्रतीक्षा कर रहे अन्य यात्रियों को परेशानी होती है। असामाजिक तत्वों से बचने के लिए यात्री प्रतीक्षालय से बाहर आकर खुले आसमान के नीचे तेज धूप और बारिश में बसों का इंतजार करते हैं। इससे सबसे अधिक परेशानी उन महिलाओं को होती है जिनके छोटे-छोटे बच्चे हैं। इसके अलावा बुजुर्ग यात्रियों को भी परेशानी होती है। वहीं बस की प्रतीक्षा कर रहे यात्रियों के सामान को सड़क पर घूम रहे आवारा मवेशी नुकसान पहुंचाते हैं। इससे यात्रियों का सामान खराब हो जाता है।

#### प्रतीक्षालय के बाद भी सुविधा नहीं

नगर के बस स्टैंड में यात्री प्रतीक्षालय होने के बाद भी यात्रियों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। आज भी बस स्टैंड पर आने वाले यात्री खुले आसमान के नीचे खड़े होकर बसों का इंतजार करते हैं।

#### यात्री प्रतीक्षालय पर दिन भर बैठे रहते असामाजिक तत्व

जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते प्रतीक्षालय मे दिन भर असामाजिक तत्व बैठे रहते हैं। यह लोग यहां पर बैठकर दिन भर नशा करते रहते हैं। इससे बस स्टैंड पर स्थित यात्री प्रतीक्षालय नशे के अड्डे में बदल चुका है। यहां तक की शाम ढलते ही यात्री प्रतीक्षालय में सामाजिक तत्वों का जमघट लगना शुरू हो जाता है और देर रात तक बैठकर शराब सेवन के साथ ही अन्य असामाजिक गतिविधियों को अंजाम देते हैं। इसका प्रमाण सुबह जब यात्री प्रतीक्षालय में लोग पहुंचते हैं तो वहां पर शराब बीयर की बोतल डिस्पोजल पानी के खाली पाऊच पड़े रहते हैं। यात्री प्रतीक्षालय में दिन भर आवारा लोग लूडो, ताश के पत्ते से कई तरह के गेम खेलते हैं। इससे बस स्टैंड पर बसों का इंतजार करने वाले यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है।

#### बस स्टैंड पर नहीं पेयजल की व्यवस्था

नगर के बस स्टैंड मे बने प्रतीक्षालय के पास पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है। इनमें पंखे, बिजली और लाइट की व्यवस्था तो की गई है, लेकिन इस गर्मी में यात्री प्रतिक्षाला में लगा एक पंखा बिगड़ा पड़ा है रात्रि में लाइट भी नहीं जलती है। यात्री प्रतीक्षालय में यात्रियों के बैठने के लिए बनाई गई कुर्सियों और बैंचों को भी असामाजिक तत्वों ने कब्जा कर लिया है। रात्रि में आसमाजिक तत्वों के द्वारा प्रतीक्षालय में बाथरूम एवं लैट्रिन भी कर दिया जाता है। बस स्टैंड पर बने प्रतीक्षालय के सामने से निकलने पर बहुत तेज दुर्गंध आती है। यहां पर शराब की बोतलें टूटी फूटी पड़ी रहती है। लोगों का कहना है कि यदि जिम्मेदार इस ओर ध्यान दें तो यात्रियों को सुविधा मिल सकती है। पूर्व में नगर पालिका के द्वारा नगर पालिका परिसर में ठंडा पानी पिलाने के लिए फ्रीजर लगवाया गया था लेकिन वर्तमान में पुराना नगर पालिका भवन को डिस्मेंटल कर दिया गया है जिसके कारण अब बस स्टैंड में पीने की पानी की समस्या आए दिन बनी रहती है।

#### नहीं होती सफाई

नगर पालिका प्रशासन के द्वारा पूर्व में सप्ताह में दो बार यात्री प्रतीक्षालय की साफ सफाई पानी से की जाती थी जिसके कारण यात्री प्रतीक्षालय व्यवस्थित रहता था। लेकिन वर्तमान में हालात यह है कि सुबह सफाई कर्मचारी के द्वारा झाड़ू तो लगा दिया जाता है लेकिन पानी से साफ सफाई नहीं की जाती जिसके कारण यात्री प्रतीक्षालय में दुर्गंध बनी रहती है और गर्मी एवं धूप में यात्री प्रतीक्षालय में यात्री ना बैठकर बस स्टैंड परिसर में खड़े होकर बसो का इंतजार करते नजर आते हैं।

#### बस स्टैंड में अव्यवस्था

नगर पालिका की उदासीनता के कारण बस स्टैंड में पूरी तरह से अव्यवस्था हावी है । यहां तक की बस स्टैंड में बने यात्री प्रतीक्षालय परिसर को दुकानदारों के द्वारा बांस बल्ली एवं तिरपाल से ढक दिया जाता है। जिससे यात्री प्रतीक्षालय में पहुंचने वाला रास्ता पूरी तरह से बंद हो जाता है ।

#### अव्यवस्थित लगते हैं ठेले

बस स्टैंड में फल चना एवं अन्य सामानों की बिक्री करने वाले दुकानदारों के द्वारा ठेलों को बस स्टैंड में कहीं पर भी खड़ा कर देते हैं। यहां तक कि जैसे ही बसों का आना बस स्टैंड में होता है वैसे ही ठेले वालों के द्वारा बस को चारों तरफ से ठेला लगाकर घेर लिया जाता है जिसके कारण पूरा बस स्टैंड अव्यवस्थित हो जाता है। यात्रियों को बसों से उतरने में परेशानी का सामना भी करना पड़ता है।

#### बेतरतीब खड़े ऑटो

बस स्टैंड परिसर में ऑटो वाले जहां मनचाहे वहां ऑटो खड़ा कर देते हैं यहां तक की कभी-कभी जब बस का आना बस स्टैंड में होता है तो बीच बस स्टैंड में ऑटो खड़े होने के कारण बस ड्राइवर को बीच सड़क पर ही बस खड़ा करना पड़ जाता है। जबकि पूर्व में नगर पालिका प्रशासन के द्वारा बस स्टैंड में चूना डालकर दुकान लगाए जाने एवं ऑटो खड़ा करने के लिए निशान बना दिया गया था, लेकिन वर्तमान में नगर पालिका की स्थिति यह है कि यहां अंधेर नगरी और चौपट राजा वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। ना तो कोई सुनने वाला है और ना ही देखने वाला है। नगर पालिका में चुने हुए जनप्रतिनिधियों से नगर की व्यवस्था से कोई लेना-देना भी नहीं है।

---


## किसानों को निर्धारित दर पर उपलब्ध हो खाद-बीज एवं कीटनाशकः कलेक्टर

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिले मे कृषि आदान व्यवस्था की समीक्षा करते हुए सहकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि किसानों को खाद, बीज, रासायनिक उर्वरक तथा कीटनाशकों की आसानी से उपलब्धता सुनिश्चित कराएं । जिले में उप संचालक कृषि व्दारा जिन्हें लायसेंस जारी किया गया है वे दुकानदार खाद, बीज, उर्वरक तथा कीटनाशक की दरें प्रदर्शित करें । साथ ही प्रत्येक किसान को विक्रय रसीद उपलब्ध कराएं तथा उनमें किसानो के हस्ताक्षर भी कराएं । सभी दुकानों में खाद, बीज, उर्वरक तथा कीटनाशकों का उपलब्ध स्टाक भी प्रदर्शित किया जाए। इसके अतिरिक्त सहकारी समितियों में भी किसानो की मांग के अनुरूप उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए ।

उप संचालक कृषि द्वारा निरीक्षण के लिए जो दल गठित किए गए है , उनके निरीक्षण के साप्ताहिक प्रतिवेदन एवं की गई कार्यवाही की जानकारी प्रत्येक सप्ताह समय सीमा की बैठक में प्रस्तुत की जाए। इसके साथ ही जिले में उर्वरक की उपलब्धता तथा जिन क्षेत्रों में उर्वरक की अधिक मांग है, उसकी जानकारी तथा साप्ताहिक उर्वरक के उठाव की जानकारी बैठक में प्रस्तुत की जाए।

## बुढानपुर में पुलिस ने किया जनसंवाद

**कोतमा।** मध्य प्रदेश पुलिस का 26 जून तक नशा मुक्ति को लेकर अभियान चल रहा है। इसके तहत जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अनूपपुर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सोमवार को कोतमा पुलिस ने रात्रि में नगर के बस स्टैंड एवं मंगलवार को समीपी गांव बुढानपुर में जनसंवाद किया। बुढानपुर में पुलिस के जनसंवाद मे नशा व अपराध छोड़ने की शपथ दिलाई। इस दौरान पुलिस ने नशा में लिप्त लोगों को नशा व अपराध छोड़ने की शपथ दिलाई। उन्हें पुलिस टीम ने समाज की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान उपनिरीक्षक पुष्पराज सिंह विवेक त्रिपाठी कपिल सहित अन्य पुलिसकर्मी स्टॉफ मौजूद रहा। पुलिस ने बुढानपुर गांव मे आमजन को नशा से बचते हुए रोजगार के नए साधनों, शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़कर स्वरोजगार करने को प्रेरित किया। समाजजनों को नशा मुक्ति अभियान के तहत किसी भी प्रकार का नशा न करने व उसके दुष्परिणामों के बारे मे बताकर नशा नहीं करने की शपथ दिलाई गई। इसमें गांव के हर वर्ग के लोग शामिल रहे।



# दुकानों में घुसने लगा बरसात का पानी

## 4 जून के बाद होना था नाली निर्माण अभी तक शुरू नहीं हुआ काम

नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत बस स्टैंड ब्यौहारी में पानी एवं नाली की व्यवस्था नहीं, इसके अलावा छाया भी नहीं नगर प्रशासन द्वारा नया बस स्टैंड पौड़ी तिराहे के पास बनाया जा रहा है, लेकिन नए बस स्टैंड के बन जाने के बाद दिया अस्थाई रूप से बस स्टैंड चालू रहेगा।

**ब्यौहारी।**




क्योंकि यहां से सीधी एवं रीवा के यात्री गाड़ी पकड़ेंगे दुकानदारों ने बताया कि नगर पालिका द्वारा प्रत्येक वस से 20 का टैक्स लिया जाता है लेकिन सुविधाएं कुछ नहीं दी जाती। बस स्टैंड में पहले गढ़्ढा था अब बोल्डर युक्त मुरूम पाट दिया गया लेकिन अभी तक उसने रोलर नहीं चलवाया गया, जिससे बड़े-बड़े बोल्डर होने के कारण यात्री घायल हो जाते है। इसके अलावा जो मुरूम पाटी गई है उसकी ऊंचाई ज्यादा हो गई जिसके कारण से अब दुकानों में बरसात के समय पानी भी भरेगा इसलिए नगर पालिका को चाहिए कि चारों तरफ नाली बनवाकर उसको मुख्य नाली में जोड़ दिया जाए। जिससे बरसात का पानी दुकानों में ना भरे। बस स्टैंड में पानी की व्यवस्था नही बस स्टैंड में कोई सार्वजनिक नल तक नहीं जहां यात्री पानी पी सके और सब दुकान दार भी पानी भर सकें। हालांकि नगर परिषद द्वारा गर्मी को देखते हुए प्याऊ की व्यवस्था कराई गई है, लेकिन वह टाइम से टाइम ही अपनी सेवाएं दे पाते हैं नगर पालिका को टैक्स लगाने का अधिकार है और वह टैक्स भी लेकिन साथ में सुविधाओं को भी विकसित करें तभी टैक्स लगाना उचित होगा। दुकानदारों में प्रदीप सिंह ,बच्चा हलवाई, अजय हलवाई, विमल हलवाई ,गणेश बर्मन, डब्बू गुप्ता ,प्रदीप सिंह , ने बरसात से पहले रोलर चलवाने एवं नाली बनवाये जाने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### पौधरोपण की सभी विभाग करें तैयारीः कलेक्टर

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में वर्षा काल में किए जाने वाले पौधरोपण की सभी आवश्यक तैयारियां अभी से प्रारंभ करने के निर्देश दिए। आपने कहा कि जिले में शहरी निकायों में एक लाख तथा ग्रामीण निकायों में तीन लाख पौधरोपण किया जाना है। यह पौधरोपण तालाब की मेढो, गांव के पहुंच मार्ग, गांव मे खाली पडी बंजर जमीनों, शासकीय परिसरों, स्कूल, आंगनबाडी, महाविद्यालय, विद्युत वितरण केन्द्रों के साथ ही सभी शासकीय परिसरों मे किया जाना है। सभी जिला प्रमुख अधिकारी पौधरोपण की संख्या, क्षेत्रफल, पौध की प्रजाति आदि की जानकारी 30 जून तक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को अनिवार्य रूप से दें दें। जहां पौध के बचाव हेतु बाउण्ड्री या फेंसिंग की व्यवस्था की जानी है, उसके प्रस्ताव भी स्टीमेट के साथ पूरे प्रोजेक्ट की जानकारी सीईओ जिला पंचायत को सौंपे। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के प्रोजेक्टर मनरेगा योजना से स्वीकृत किए जा सके। जानकारी में यह भी समाहित करें कि रोपित किए जाने वाले पौध कहां से तथा कब तक प्राप्त हो जाएेगे। इसके साथ ही जहां भूमि उपलब्ध है, आम जन के लिए स्मृति वन भी स्थापित किए जाने है। इसके लिए भूमि का चयन कर लिया जाए। इन वनों में अपनी या अपने परिवार जनों की स्मृति में कोई भी व्यक्ति पौध रोपित कर सकेंगे। उन्हे इन रोपित पौध के संरक्षण की जवाबदारी भी लेनी होगी। इसके अतिरिक्त स्वयं सेवी संस्थाओं, सामाजिक धार्मिक संस्थाएं, व्यापारिक या अन्य संगठन जो पौधरोपण करना चाहते है, उनके लिए स्थल चयन कर अपने प्रस्ताव सीईओ जिला पंचायत कार्यालय को 30 जून तक भेज सकते है।

### नगर निगम द्वारा शहर में चलाया गया सीएनडी अपशिष्ट संग्रहण अभियान

**रीवा।** शहर में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत निगमायुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार नगर निगम की आईईसी टीम द्वारा शहर में एक दिवसीय सीएनडी अपशिष्ट संग्रहण अभियान चलाया गया। सीएनडी अपशिष्ट जो घरों के निर्माण कार्य से एकत्रित मलबा होता है उसको नागरिकों द्वारा बाहर फेंक दिया जाता है जिससे हमारा शहर गंदा दिखाई देता है शहर को स्वच्छ और सुन्दर बनने के लिए नगर निगम द्वारा सीएनडी अपशिष्ट संग्रहण अभियान चलाया गया एवं शहर में स्थित सीएनडी अपशिष्ट को साफ कराया गया साथ ही नगर निगम की आईईसी टीम द्वारा नागरिकों को नगर निगम द्वारा संचालित सीएनडी अपशिष्ट संग्रहण वाहन के टोल फ्री नंबर की जानकारी भी दी गई। नगर निगम की स्वच्छता टीम ने नागरिकों से अपील की जो भी सीएनएडी अपशिष्ट घरों से निकलता है उसको बाहर न फेंके नगर निगम के टोल फ्री नंबर 6232445754 में कॉल करके अपशिष्ट नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे सीएनडी अपशिष्ट वाहन से ही उठवाएं। इस अभियान में नगर निगम की आईईसी टीम, वार्ड दरोगा एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।

### नए कानूनों के संबंध में ऑनलाइन प्रशिक्षण सेमिनार आज

**रीवा।** संसद द्वारा पारित किए गए तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 एक जुलाई 2024 से प्रभावशील हो जाएंगे। नए कानूनों के संबंध में आनलाइन प्रशिक्षण सेमिनार 26 जून को सुबह 10.30 बजे से आयोजित किया जा रहा है। इसमें प्रमुख सचिव गृह विभाग नए कानूनों के संबंध में जानकारी देंगे। प्रशिक्षण में सभी कार्यपालिक दण्डाधिकारी शामिल होंगे।

### पत्थर खदान के लिए जन सुनवाई आगामी 23 को

**रीवा।** मऊगंज जिले के हनुमना तहसील के ग्राम बीरादेई में 1.091 हेक्टेयर जमीन में पत्थर उत्खनन के लिए आवेदन दिया गया है। इसमें कुल 12 खसरा नम्बर शामिल हैं। खदान की मंजूरी के पूर्व इसकी पर्यावरणीय जन सनुवाई के लिए आगामी 23 जुलाई 2024 की तिथि निर्धारित की गई है।

## युवा ने स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का किया आयोजन

### शिविर में 15 यूनिट रक्त का किया संग्रह

**उमरिया।** किसी का जीवन बचाने के लिए रक्तदान करना जरुरी है। ब्लड डोनेट करके लोगों की मदद की जा सकती है। दीनदयाल उपाध्याय जिला चिकित्सालय उमरिया ब्लड बैंक अधिकारी डॉ.मुकुल तिवारी के मार्गदर्शन पर ग्राम पंचायत पठारी नौरोजाबाद में ग्राम पंचायत सरपंच के सहयोग से युवा टीम उमरिया द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि युवा टीम हर क्षेत्र में कार्य कर रही है। लोगों की हर छोटी बड़ी परेशानी में यह टीम साथ खड़ी नजर आती है। लोगों को जागरूक करने से लेकर शिक्षा तक की आवश्यकता को पूरा करने का प्रयास कर रही है। शिविर में ग्रामपंचायत पठारी ग्रामीण युवाओं एवं युवा टीम उमरिया के सदस्यों ने बढ़ चढक़र हिस्सा लिया। 16 यूनिट रक्तदान किया गया जबकि 5 रक्तदाता कम वजन एवं कम हिमोग्लोबिन के कारण रक्तदान के लिए अनफिट किए गए। सरपंच गोविंद गौतम ने कहा कि रक्तदान शिविर की तैयारी पूर्व में ही की गई थी जिसमें गांव के विभिन्न लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक किया गया था। रक्तवीर हिमांशु तिवारी ने रक्तदान को महादान बताया। कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान से किसी व्यक्ति की जान बच सकती है। रक्तदान कैंसर पीड़ित मरीजों, रक्तस्त्राव विकार, एनीमिया और दूसरी खून की कमी से जुड़ी बीमारियों के इलाज में मदद करता है। इससे कैंसर का खतरा कम होता है। रक्तदान शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग से लैब टेक्नीशियन विनीत साहूएसुरेश केवटएसरपंच गोविंद गौतम बंटा महाराज, रक्तवीर हिमांशु तिवारी, खुशी सेन, शिखा बर्मन, राहुल सिंह, ग्रामीण रक्तदाता गंगाराम चौधरी, लवलेश कोल, ओमप्रकाश कोल, मुकेश सिंह, प्रिंश पांडेय, श्रवण सिंह, ओम लाल बैगा, धीरज बर्मन, विकाश कोल, इशाक मोहम्मद, शिवम कोल, रविशंकर साहू, आकाश कोल, बसन्तु सिंह, राकेश चौधरी सहित अन्य ग्रामीण युवा उपस्थित रहे।

## लावारिस गायों को गौशालाओं में भेजा जाएंः कलेक्टर



**उमरिया।**

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में निर्देश दिए है कि शहरी एवं ग्रामीण निकाय लावारिस गायों को गौशालाओ में भेजना सुनिश्चित करें । इस कार्य के लिए उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं नोडल अधिकारी रहेंगे । उनका दायित्व होगा कि क्षेत्रीय अमले के माध्यम से इस कार्य की मानीटरिंग कराएं तथा स्थानीय निकायों का सहयोग लेकर लावारिस गायों को गौशालाओ में भेजें । आपने कहा कि वर्षा काल में पालतू पशुओ में संक्रमण बढ़ जाता है, इससे बचने के लिए जिले भर में पालतू पशुओ के टीकाकरण का अभियान चलाया जाए। साथ ही खुरपका ए मुहपका आदि जैसी बीमारियों के फैलने की आशंका रहती है। जनपद स्तर पर एवं जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किये जाए । जैसे ही बीमारियो के संक्रमण की जानकारी मिलती है, विशेष दल भेजकर शत प्रतिशत पालतू पशुओ का टीकाकरण कराया जाए । इसके साथ ही सभी पशु औषधालयों तथा गौ सेवकों को आवश्यक दवाएं भी उपलब्धी कराएं ।

## साखी गांव में हुई चोरी का अभी तक नहीं हुआ खुलासा

### संदेहियों से नहीं हुई पूछताछ

**ब्यौहारी।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगर से लगे हुए ग्राम साखी के वैदेही शरण बैंस पिता दशरथ सिंह बैस उम्र 35 वर्ष द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई की 5 जून को मैं अपने बाद पिताजी लल्लेराम वैश्य के खेत में पूजा पाठ होने से निमंत्रण में देवराव गया था। मेरी पत्नी घर में अकेली थी। रात में 10:00 बजे खाना खाकर सो गई। रात में जब 2:00 बजे उठी तो घर की टटिया खुली हुई थी एवं कमरे का दरवाजा खुला हुआ था। अंदर जाकर देखा तो अलमारी नहीं थी। फोन से अपने पति को जानकारी दी। आस-पास खोजबीन करने के बाद टूटी हुई अलमारी शिवराम उर्फ लल्लू बैश के खेत में पड़ी मिली जिसको खोलकर देखा की अलमारी से 7 नग चांदी लोकेट 18 नग चांदी मनचली एक नग मंगलसूत्र कान का झुमका एवं अन्य सामान कुल मिलाकर 50000 का सामान चोरी कर लिया गया रिपोर्ट करने पर पुलिस द्वारा 14/06/2024 को धारा 457 और 380 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया गया लेकिन चोरी के संदेहियों से अभी तक पूछताछ नहीं की गई। मुझे संदेह है कि आसपास के ही लोगों द्वारा चोरी की गई है। शिकायतकर्ता वैदेही शरण वैद्य ने पुलिस अधीक्षक से शीघ्र चोरों को पकड़ने की मांग की है क्योंकि यदि चोरों को नहीं पकड़ा गया तो दिनों दिन चोरी की घटनाएं बढ़ती ही जा रही है। इसके पहले भी कई चोरियां हुई है जिनका खुलासा पूर्व थाना प्रभारी नहीं कर पाए। रिपोर्ट में संदेहियों के नाम भी लिखे गए हैं लेकिन पुलिस ने अब तक उन लोगों से बुलाकर पूछताछ नहीं किये। पूर्व की चोरियों का भी खुलासा करने की जिम्मेदारी नए थाना प्रभारी की बन रही है। फरियादी ने पुलिस अधीक्षक एवं नए थाना प्रभारी से चोरों के चोरों का पता लगाने की मांग की है।

## कलेक्टर ने नवीन सर्किट हाउस निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

### 15 अगस्त से पूर्व सभी कार्य पूरे कराने के दिए निर्देश



**रीवा।** रीवा राजनिवास सर्किट हाउस में 4 करोड़ रुपए की लागत से नवीन सर्किट हाउस का निर्माण कराया जा रहा है। अत्याधुनिक पूर्ण सुसज्जित नवीन सर्किट हाउस में 6 सुइट के अतिरिक्त कांफ्रेंस हाल, डायनिंग हाल का निर्माण हो रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कार्य स्थल का भ्रमण कर सभी कार्य 15 अगस्त से पहले पूर्ण कराने के निर्देश निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने सर्किट हाउस भवन में फिनिशिंग का कार्य तत्काल प्रारंभ कराने तथा सामने लॉन व पीसीसी सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने राजनिवास के प्रवेश द्वार को बेहतर बनाने तथा तत्काल कार्य प्रारंभ करने के लिए पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने राजनिवास की सड़कों को चौड़ा करते हुए पेवर लगाकर इन्हें आकर्षक बनाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने खाली पड़े स्थानों में वृक्षारोपण करने के निर्देश वन विभाग के अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी कार्य निर्माण कार्य पूर्ण होने पर सुसज्जित राजनिवास आकर्षक दिखेगा। भ्रमण के दौरान कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी मनोज द्विवेदी, कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड अनुज प्रताप सिंह सहित विभागीय अधिकारी व निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## बाल अधिकार संरक्षण आयोग की बेंच ने की सुनवाई

**रीवा।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की बेंच ने आकांक्षी ब्लाक सिरमौर में बच्चों के अधिकारों से जुड़े प्रकरणों की सुनवाई की। शिविर में चिन्हित बच्चों को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में बच्चों के आधार कार्ड तथा आयुष्मान कार्ड बनाने के साथ ही अन्य योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल बोर्ड की टीम के माध्यम से बच्चों के स्वास्थ्य की जाँच की गयी तथा दिव्यांगता प्रमाणपत्र जारी किए गये। छात्रवृत्ति वितरण, खाद्यान्न वितरण, शिक्षा का अधिकार अधिनियम तथा यौन दुर्व्यवहार के प्रकरणों की सुनवाई बाल अधिकार संरक्षण आयोग की बेंच में की गयी। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली की बेंच में सिरमौर एवं जवा विकासखण्ड के लगभग एक हजार से अधिक हितग्राहियों की समस्यों का समाधान किया गया तथा जिन समस्याओं का निराकरण नहीं हो सका उनके लिए समय सीमा



निर्धारित की गयी। शिविर में प्राप्त आवेदनों को विभागवार संकलन कर कलेक्टर रीवा के समक्ष प्रस्तुत किये जायेंगे। शिविर में विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में प्राप्त समस्याओं के निराकरण के संबंध में समझाइश दी गयी। इस दौरान आयोग के सदस्य श्रीमती मेघा पवार, राष्ट्रीय बाल आयोग राष्ट्रीय बाल आयोग की परामर्शदात्री समिति की सदस्य श्रीमती प्रज्ञा त्रिपाठी, राष्ट्रीय बाल आयोग के कंसल्टेंट सलाहकार कल्पेंद्र परमार एवं राहुल, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर पीके पांडे, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पांडे, संयुक्त संचालक



सामाजिक न्याय एवं निःशक्त जन कल्याण अनिल दुबे, जिला शिक्षा अधिकारी सुदामा लाल गुप्ता, एसडीएम आरके सिन्हा, सीईओ जनपद हलधर मिश्रा, एसडीओपी श्री प्रजापति, परियोजना अधिकारी जीवेंद्र सिंह, परियोजना अधिकारी डॉ. शेषनारायण मिश्रा, बाल संरक्षण अधिकारी स्वाति श्रीवास्तव, बेनिसन हेल्पिंग सोशल वेलफेयर सोसायटी अध्यक्ष श्लेषा शुक्ला सहित बच्चे व उनके परिजन, स्थानीय रहवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आशीष द्विवेदी सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया गया।

### नईगढ़ी पुलिस को मिली बड़ी सफलता

## दुष्कर्म के आरोपी को 24 घंटे के अंदर किया गिरफ्तार

**मऊगंज।** जिले के नईगढ़ी थाना पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। नईगढ़ी थाना क्षेत्र के समीपवर्ती गांव अपने ननिहाल आई एक किशोरी के साथ कथित आरोपी ने जोर जबरदस्ती किया था। नईगढ़ी थाना पुलिस ने आरोपी को दविस देकर हिरासत में ले लिया। मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश से नईगढ़ी थाना क्षेत्र के समीपस्थ ग्राम अपने ननिहाल आई एक किशोरी के साथ सोमवार को आरोपी ने जोर जबरदस्ती किया था। पीड़िता की शिकायत पर नईगढ़ी थाना पुलिस आरोपी हैदर उर्फ उमेश साकेत पिता सुखलाल साकेत उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम धोविया टोला भीर थाना नईगढ़ी जिला मऊगंज के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की खोजबीन में जुट गई ।

पुलिस कप्तान मऊगंज वीरेंद्र जैन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुराग पांडेय के दिशा निर्देशन तथा एसडीओपी अंकिता सुल्या के मार्गदर्शन में नईगढ़ी थाना प्रभारी एसके द्विवेदी ने सहयोगी पुलिस टीम के साथ मिलकर आरोपी को उस गिरफ्तार कर लिया जब कथित आरोपी दूसरे राज्य भाग जाने की फिराक में था।

## पत्थर खदान के लिए जन सुनवाई आगामी 23 जुलाई को

**मऊगंज।** जिले के हनुमना तहसील के ग्राम बीरादेई में 1.091 हेक्टेयर जमीन में पत्थर उत्खनन के लिए आवेदन दिया गया है। इसमें कुल 12 खसरा नम्बर शामिल हैं। खदान की मंजूरी के पूर्व इसकी पर्यावरणीय जन सनुवाई के लिए आगामी 23 जुलाई 2024 की तिथि निर्धारित की गई है। कलेक्टर मऊगंज के प्रतिनिधि के रूप में अपर कलेक्टर अशोक ओहरी ग्राम पंचायत भवन परिसर बीरादेई में 23 जुलाई को सुबह 10.30 बजे से सुनवाई करेंगे। सुनवाई में क्षेत्रीय अधिकारी मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड रीवा तथा खदान के लिए आवेदन करनेवाली मेसर्स शिवकृपा एसोसिएट के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

## पंचायतों के एलईडी टीवी सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक के घरों की बढ़ा रहे शोभा

**मऊगंज।** सरकार गांव की पंचायत को सशक्त बनाने के लिए पिछले कई सालों में हर सरकार ने अलग-अलग माध्यमों से नवाचार करते हुए इन्हे स्थाई व मजबूत बनाने का प्रयास किया, लेकिन जिले की एक भी ग्राम पंचायत आज तक आत्मनिर्भर नहीं बन सकी। इन्हें तकनीकी से जोड़ने के लिए ग्राम पंचायतों में करीब पांच साल पहले रुपए दिए गए थे,जिससे एलईडी टीवी, कम्प्यूटर, प्रिंटर, इनवेटर व इलेक्ट्रिक बोर्ड खरीदा गया। भौतिक सत्यापन के कुछ दिन बाद तक तो यह टीवी व अन्य उपकरण पंचायत भवन में दिखे लेकिन अब यह उपकरण पंचायत के कर्मचारियों (सरपंच,सचिव रोजगार सहायक) के घर की शोभा बढ़ा रहे हैं। जिले के हनुमना तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायतो यह है कि जहां तकनीक से जोड़ने के लिए ग्राम पंचायतों में एलईडी टीवी, कम्प्यूटर, प्रिंटर, इन्वर्टर व इलेक्ट्रिक बोर्ड खरीदा गया था लेकिन हनुमना एसडीएम राजेश मेहता के भ्रमण के दौरान पंचायत में नहीं मिले एलइडी टीवी। कई बार समाचार पत्रों में लगातार खबर प्रकाशित की गई की ग्राम पंचायतों को शासन स्तर से प्रदाय कम्प्यूटर सामग्री एवं एलईडी टीवी ग्राम पंचायतों में उपलब्ध नही हैं। यह मामला जब हनुमना एसडीएम के पास पहुंचा तो एसडीएम ग्राम पंचायतों के भ्रमण में निकल गए जहा भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायतों में शा0सामग्री स्थापित नही है। वहीं हनुमना एसडीएम ने आदेश जारी किया की शासकीय सामग्री के ग्राम पंचायतों में स्थापित होने से संबंधित जानकारी 7 दिवस के भीतर कार्यालय में समक्ष में प्रस्तुत करें यदि सामग्री पंचायत भवन में उपलब्ध नही है तो उसकी भी रिपोर्ट अलग से प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। वही एसडीएम ने कहा कि रिपोर्ट भ्रामक नही प्रस्तुत की जावे इसका विशेष धान रखें। अन्यथा वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## भूतपूर्व सैनिकों से विभिन्न पदों के लिए आवेदन आमंत्रित

**रीवा।** संचालनालय सैनिक कल्याण अन्तर्गत विभिन्न कार्यालयों में भर्ती के लिए भूतपूर्व सैनिकों से विभिन्न पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी पी. गंगा ने बताया कि अधीक्षक, सहायक ग्रेड-2, शीघ्रमुद्रलेखक, सहायक ग्रेड-3, भृत्य तथा चौकीदार सह फर्राश के पदों के लिए जिला सैनिक कल्याण कार्यालय रीवा में 4 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। भूतपूर्व सैनिकों को आवेदन के साथ सेना द्वारा जारी डिस्चार्ज बुक की छायाप्रति, पीपीओ की छायाप्रति, पहचान पत्र एवं पंजीयन की छायाप्रति तथा स्वयं का पता लिखा डाक टिकट लगा लिफाफा संलग्न करना होगा। इस संबंध में विस्तृत विवरण वेबसाइट सैनिक कल्याण डाट एमपी डाट जीओव्ही डाट इन पर प्राप्त किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### बायपास निर्माण सर्वे कार्य का अधिकारियों ने लिया जायजा



**अनूपपुर।** कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के निर्देशन में राजस्व अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा अनूपपुर जिला मुख्यालय का परिवहन दबाव कम करने के उद्देश्य से बायपास रोड बनाए जाने का कार्य प्रगति पर है। कार्य के लिए भूमि के सर्वे एवं जांच का कार्य किया जा रहा है। बाईपास भूमि के सर्वेक्षण कार्य का विगत दिवस राजस्व अधिकारियों द्वारा निरीक्षण सर्वे एवं जांच के संबंध में अधीनस्थ कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने बायपास रोड के निर्माण कार्य हेतु राजस्व एवं निर्माण विभाग के अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

### अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर आज आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**अनूपपुर।** 26 जून अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर विशेष जन जागरूकता कार्यक्रम जिले के नगरीय एवं ग्रामीण निकायों में आयोजित किए जाएंगे। उक्ताशय की जानकारी देते हुए सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के प्रभारी उप संचालक के.के. सोनी ने बताया है कि 26 जून अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर नशा मुक्ति के लिए हर संभव प्रयास की शपथ व विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों की सहभागिता के संदर्भ में बच्चों के प्रति अपनों के नाम के माध्यम से परिवार व आस-पास के लोगों की निर्धारित प्रपत्र में नशामुक्त समाज का संकल्प पत्र में सहमति ली जाएगी।

### लोकसभा निर्वाचन के परिपेक्ष्य में लेखा समाधान बैठक 30 जून को

**अनूपपुर।** लोक सभा निर्वाचन 2024 हेतु भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निदेशों के अनुरूप निर्वाचन परिणाम की घोषणा के 26वें दिन अभ्यर्थियों/ निर्वाचन एजेंट को निर्वाचन व्यय की विवादित मदो की लेखो का समाधान हेतु बैठक आयोजन का प्रावधान है जिसके तारतम्य में 4 जून 2024 को परिणाम की घोषणा के 26 वें दिन यानी 30 जून 2024 को लेखा समाधान की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में प्राप्त 11 से आयोजित की गई है बैठक में सभी अभ्यर्थियों से उपस्थित के संबंध में अपील की गई है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए रिटर्निंग ऑफिसर 12-शहडोल (अजजा) एवं कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष वशिष्ठ ने दी है।

---

11 साल तक धधकती रही बदले की आग

# पूर्व भाजपा विधायक प्रत्याशी निकला हत्या का मास्टर माइंड

## मौका मिलते ही पिता ने लिया बेटे की हत्या का बदला

**अनूपपुर।** 20 जून की देर शाम करनपठार थाना अंतर्गत लोहारिन टोला में वंश गोपाल यादव उम्र 32 वर्ष की पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी गई। जिसका पुलिस ने खुलासा कर दिया। 21 जून को थाने में पहुंचकर मृतक के भाई ललन यादव ने हत्या के मामले की शिकायत दर्ज कराई थी। चश्मदीद रहे ललन यादव ने बताया कि भाजपा के नेता बाबूलाल सिंह मार्को ने अपने पुत्रों और भांजे के साथ मिलकर उसके भाई को मौत के घाट उतार दिया है। ज्ञात हो कि 90 के दशक में बाबूलाल मार्को पुष्पराजगढ़ क्षेत्र में भाजपा के बड़े नेता थे। उसने वर्ष वर्ष 1993 और 98 में भाजपा की टिकट से विधानसभा का चुनाव भी लड़ा था। फिलहाल पुलिस ने धारा 302 के तहत मामला दर्ज करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### यह है मामला

ललन यादव ने बताया कि 20 जून की रात मैं अपने छोटे भाई वंश गोपाल के साथ साप्ताहिक बाजार करपा से घर लौट रहा था। तभी लोहारिन टोला के पास बाबूलाल मार्को अपने पुत्र राघवेंद्र सिंह, धनेश्वर और भांजे पुष्पराज के साथ खड़ा



हुआ था। जैसे ही हम दोनों भाई मनीराम बैगा की खेत के पास पहुंचे तभी चारो ने हमे घेर लिया। मैं किसी तरह जान बचाकर वहां से भागा। बाबूलाल सिंह कह रहा था कि दोनों को मार दो बाकी मैं देख लूंगा, कुछ नहीं होगा। घर जाकर पूरे मामले की जानकारी मैंने अपने परिजनों और पड़ोसियों को दी। 21 जून की सुबह मनीराम के खेत के समीप वंश गोपाल यादव का शव देखा गया। चेहरे को पत्थर से कुचल कर युवक की हत्या की गई थी। पुलिस ने चारों आरोपियों के विरुद्ध धारा 302, 34 के तहत प्रकरण दर्ज करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जहां आरोपियों ने अपना अपराध भी स्वीकार कर लिया है वहीं हत्या का मुख्य आरोपी बाबूलाल मार्को फरार है।

### हत्या के पीछे एक पक्ष यह भी

बताया जा रहा है कि आज से 11 साल पहले बाबूलाल के बेटे की हत्या ललन यादव ने करवाई थी। जिसका बदला लेने के लिए बाबूलाल ने अपने बेटों का बड़ा होने का इंतजार किया और फिर मौका देख हत्या कर दी। बेटे की हत्या का बदला लेने के लिए एक पिता यानि बाबूलाल मार्को ने 11 साल तक बदले की आग में जलकर इंतजार किया। फिर 11 साल बाद मौका मिलते ही बेटे के हत्यारे की अपने अन्य बेटों के साथ मिलकर हत्या कर दी।

### इनका कहना है

बाबूलाल मार्को के बेटे की हत्या ललन यादव ने की थी। हत्या का बदला लेने के लिए बाबूलाल मार्को ने हत्या की साजिश रची और ललन यादव के भाई वंश गोपाल यादव की हत्या कर दी।

**इसरार मंसूरी**
**अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर**

---

आपराधिक तत्वों पर भालूमाड़ा पुलिस का आशीर्वाद

# जिले की कानून व्यवस्था को चुनौती दे रहे चोर, स्थानीय पुलिस का संरक्षण




## समझ से परे गंभीर मामलों मे भी पुलिस की निष्क्रियता

**अनूपपुर।** पिछले कुछ समय से अनूपपुर जिले की कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट नजर आ रही है जहां जुआ सट्टा कबाड़ शराब रेत की चोरी से खाकी दागदार होती रही है तो वहीं अब लगातार चोरी की घटनाओं से जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में आम जनता का सुकून से रहना भी मुश्किल हो रहा है। जिले के तमाम थानों में पदस्थ थाना प्रभारी चोरी जैसे संगीन अपराधों में आंख कान बंद किए हुए हैं और अवैध कार्यों की वसूली में व्यस्त हैं। जिले के थाना भालूमाडा क्षेत्र में वर्तमान समय में अपराधियों का बोलबाला है यहां पर थाना प्रभारी के संरक्षण में अवैध कार्य जहां फल फूल रहे हैं तो वहीं चोरी लूट की घटनाएं निरंतर बढ़ रही हैं। हाल ही में थाना भालूमाडा क्षेत्र के जमुना कॉलोनी वार्ड क्रमांक 3 में 11/ 12 जून की दरमियानी रात अज्ञात चोरों के द्वारा भाजपा के मीडिया प्रभारी राजेश सिंह एवं ठीक उनके निवास के चंद कदमों की दूरी पर निवासरत विजय साइकिल स्टोर के मकान तथा हथगेन के मकान में एक ही रात्र में तीन घरों की दीवाल तोड़कर घर के अंदर प्रवेश कर लाखों रुपए की चोरी कर ले गए, जबकि इस दौरान घर में लोग मौजूद रहे। इतना ही नहीं चोरों ने हथगेन परिवार पर लाठी डंडों से हमला भी किया जिसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई गई है लेकिन अभी तक भालूमाडा पुलिस चोरों को पकड़ पाने में विफल साबित हुई है।

### तीन घटनाओं में दर्ज हुई एक एफआईआर

11 एवं 12 जून की दरमियानी रात जमुना कॉलोनी के वार्ड क्रमांक 3 के रहने वाले राजेश सिंह, विजय कुमार एवं हथगेन परिवार के घर में अज्ञात चोरों ने पीछे से घर के दीवाल को तोड़कर लाखों रुपए के सामान की चोरी कर ली। राजेश सिंह की शिकायत पर भालू माडा पुलिस ने धारा 457, 380 के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, लेकिन वही दो अन्य घरों में हुई चोरी की घटना के मामले में अभी तक कोई एफआईआर पुलिस के द्वारा दर्ज नहीं की गई और न ही मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है शायद पुलिस किसी बड़ी घटना के इंतजार में है।

### चोरों को पाल पोस कर पोषण आहार दे रही पुलिस

थाना भालूमाडा में जब से थाना प्रभारी राकेश उइके पदस्थ हुए हैं तब से क्षेत्र में अपराधों का ग्राफ तेजी के साथ बढा है क्योंकि भालूमाडा पुलिस अपराध व अपराधियों को संरक्षण देकर कानून व्यवस्था को कमजोर बना दिया है यहां तक कि पुलिस चोरों को पोषण आहार देकर उन्हें पाल पोस रही है। चोर, लुटेरे घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं और लोगों की संपत्ति लूट रहे हैं लेकिन पुलिस इनका पालन पोषण कर रही है जबकि भालूमाडा पुलिस को क्षेत्र के एक-एक निगरानी बदमाशों की जानकारी है, लेकिन उनके गिरेबां में हाथ डालने की हिमाकत थाना प्रभारी के अंदर नहीं दिखाई दे रही है जिसके कारण से हो रहे अपराधों का खुलासा नहीं हो पा रहा है।

### पुलिस गश्त पर उठे सवाल

थाना भालूमाडा क्षेत्र के अंतर्गत कुछ ही समय में लगभग सैकड़ो चोरी की घटनाएं घटित हो चुकी है, लेकिन पुलिस की कार्य शैली में कोई बदलाव दिखाई नहीं दे रहा है न तो यहां पर ग्रस्त हो रही है और न ही चोरों को पकड़ने में पुलिस की कोई दिलचस्पी दिखाई दे रही है। चोर पुलिस की सांठ गांठ होने से लोगों का जीना मुश्किल हुआ है और क्षेत्र में भय का वातावरण निर्मित है।

---

# कोबरा नाग से बाल-बाल बचे महिला एवं केयरटेकर

## सर्प प्रहरियों ने देर रात किया दोनों कोबरा नाग का रेस्क्यू

**अनूपपुर।** सोमवार व मंगलवार की मध्य रात्रि बरबसपुर एवं राजेंद्रग्राम में दो अलग-अलग स्थान में अचानक कोबरा नाग जैसा जहरीला सांप घुसने पर महिला एवं केयरटेकर बाल-बाल बचे। इस दौरान महिला को जिला अस्पताल अनूपपुर में उपचार के लिए ले जाकर दिखाया गया सांप की सूचना सर्पप्रहरियों को मिलने पर देर रात दोनों स्थानों से अत्यंत जहरीले कोबरा नांग का सर्पप्रहरियों द्वारा रेस्क्यू किया गया। जिसे मंगलवार की दोपहर स्वतंत्र विचरण हेतु जंगल में छोड़ दिया गया है।

### दो दिनों के मध्यम तीन कोबरा नाग का रेस्क्यू

इस संबंध में जिला मुख्यालय अनूपपुर की सामाजिक कार्यकर्ता, वन्यजीव संरक्षक एवं सर्पप्रहरी शशिधर अग्रवाल ने बताया कि सोमवार एवं मंगलवार की मध्य रात जिला मुख्यालय से 4 किलोमीटर दूर स्थित बरबसपुर गांव में देवकरण सिंह के पक्के मकान के अंदर जहां उनकी पत्नी श्रीमती श्रद्धा सिंह पलंग पर सो रही थी तभी अचानक एक चार फिट लंबा कोबरा नाग पैर के पास से छूता हुआ जमीन पर आ गया जिसे अचानक देखकर श्रद्धा घबरा कर हो-हल्ला की।



इस दौरान परिजनों द्वारा श्रद्धा सिंह को अत्यंत घबराए जाने पर उपचार हेतु जिला चिकित्सालय अनूपपुर लाते हुए घर के सभी दरवाजा बंद कर कर शशिधर अग्रवाल एवं छोटेलाल यादव को सूचना दी गई जिस पर मंगलवार की सुबह 2:30 बजे छोटेलाल यादव बरबसपुर निवासी देवकरण सिंह के घर के अंदर कोने में बैठे 4 फीट लंबे कोबरा नाग का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया। वहीं पुष्पराजगढ़ तहसील में पदस्थ नायब तहसीलदार कौशलेंद्र मिश्र जो लोक निर्माण विभाग राजेंद्रग्राम के विश्रामगृह में ठहरे हुए हैं जिनकी डायनिंग हॉल कमरे में जमीन में सो रहे 50 वर्षीय केयरटेकर जमुना सिंह परस्ते के पैर के पास से एक कोबरा नाग निकल कर कोने में बैठकर फुफकार रहा था जिसकी आहट सुनकर जमुना सिंह घबराकर बाहर निकल कर नायब तहसीलदार श्री मिश्रा एवं अन्य को जानकारी दी जिसकी सूचना पर सर्पप्रहरी शशिधर अग्रवाल को मिलने पर अकेले मोटरसाइकिल से देर रात राजेंद्रग्राम में स्थित लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह पहुंचकर डायनिंग हॉल कमरे के कोने में बैठे चार फिट लम्बे अत्यंत जहरीले कोबरा नाग सांप का सफलता पूर्वक रेस्क्यू करते हुए मंगलवार की दोपहर 3 कोबरा नाग के साथ दो दिनों के मध्य पकड़े गए विभिन्न प्रजाति के साथ सांपों को स्वतंत्र विचरण हेतु जंगल में वन कर्मचारियों के समक्ष छोड़ा गया।

### तीव्रता से कार्य करने की आवश्यकता

ज्ञात हो कि वर्षा काल प्रारंभ होते ही जहरीले जीव-जंतु व्यापक पैमाने पर खाने की तलाश में निकल कर भोजन की तलाश करते हुए नागरिकों के मकान में प्रवेश कर जाते हैं ऐसे समय में आमजनों को सुरक्षित रहने, बगैर रोशनी अन्य तरह के प्रकाश के माध्यमों के बिना न चलने जैसी सावधानियां बरतनी चाहिए। यदि कहीं कोई सर्पदंश की घटनाएं होती है तो पीड़ित को तत्काल किसी भी माध्यम, स्वास्थ्य केन्द्रों में ले जाकर परीक्षण एवं उपचार कराया जाना चाहिए ऐसे समय में तीव्रता से कार्य करने की आवश्यकता रहती है।

---

# आयोजित किया नशा मुक्ति व यातायात जागरूकता कार्यक्रम



## अनूपपुर हायर सेकेंडरी स्कूल में यातायात पुलिस ने दी समझाइश

**अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेंद्र सिंह पवांर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर इसरार मंन्सूरी, एसडीओपी अनूपपुर सुमित केरकेट्टा के निर्देश अनुसार यातायात प्रभारी अनूपपुर ज्योति दुबे द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत शासकीय हायर सेकेंडरी एक्सीलेंस स्कूल में छात्र-छात्राओं के बीच कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बच्चों के बीच चर्चा की गई।

### नशा नाश की जननी

समाज की इस बुराई को दूर करने में हम सभी मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं, हमें स्वयं तो इन बुराइयों से दूर रहना ही है ,साथ ही हमारे समाज और परिवार को भी इन बुराइयों से बचाना है, क्योंकि समाज में व्याप्त यह बुराइयाँ समाज को खोखला कर रही है। नशीले पदार्थों के सेवन से, पारिवारिक कलह, विवाद, अपराध, परिवारों का टूटना, आर्थिक तंगी एवं अनेक जानलेवा बीमारियां उत्पन्न हो रही हैं। हमें इनसे दूर रहना है। आओ आज हम सब संकल्पित होकर यह प्रण लें कि हम नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहेंगे तथा आसपास के लोगों को भी इनसे दूर रहने हेतु प्रेरित करेंगे। बच्चों को ट्रैफिक रूल्स के बारे में भी बताया गया। यातायात नियमों के प्रति भी बच्चों को जागरुक करते हुए बताया गया कि हम सभी को दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट आवश्यक रूप से धारण करना चाहिए। बच्चों को ट्रैफिक सिग्नल, रोड साइन, रोड मार्किंग, एक्सीडेंट के कारण एवं बचाव हेतु सावधानी, राइट ऑफ वे, एमरजेसी केयर, गुड समेरिटन योजना, पीड़ति प्रतिकर योजना के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। रोड पर पैदल चलते समय या रोड क्रॉस करते समय क्या-क्या सावधानियां रखनी चाहिए बताया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र एवं छात्राएं, प्राचार्य, शिक्षक एवं थाना यातायात से आरक्षक गणेश यादव, योगेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

---

सराहनीय कार्य पर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस बलों को किया पुरस्कृत

# रामनगर पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर 10 बाइक की बरामद

**राजनगर।** 30 अप्रैल को फरियादी राम प्रसाद आयाम पिता दीन दयाल आयाम उम्र 45 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 06 बगरार थाना मरवाही जिला जीपीएम नें रिपोर्ट किया, कि इसकी मोटर सायकल होण्डा ड्रीम नम्बर सीजी 10 ए.यू.5513 कीमती करीबन 15000 रुपए को कोई अज्ञात चोर के द्वारा साप्ताहिक बाजार आमाडांड से चोरी कर ले गया है जिसकि रिपोर्ट पर थाना रामनगर में अपराध क्र. 181/24 धारा 379 ता.हि. का कायम कर विवेचना में लिया गया।
यह मोटर सायकिल हुये बरामदथाना रामनगर क्षेत्र में मोटर सायकल चोरी की वृद्धि अधिक होने से पुलिस अधीक्षक अनूपपुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर एवं एसडीओपी कोतमा/अनूपपुर के द्वारा मोटर सायकल चोरी के अज्ञात आरोपियो की गिरफ्तारी हेतु सख्त निर्देश दिये गये जो रामनगर पुलिस द्वारा मोटर सायकल चोरी के प्रकरण में लगातार प्रयास किया जा रहा था। 25 जून को मुखबिर के द्वारा सूचना प्राप्त हुई की एक व्यक्ति सी सेक्टर तिराहा के पास काले टी-शर्ट व लोवर पहने चोरी के गाडी मोटर सायकल बिक्री करने के फिराक में ग्राहक ढूंढ रहा है। सूचना पर मौके पर जाकर उक्त व्यक्ति को पकडकर नाम पता पूछा गया जो अपना नाम विशम्भर सिंह पवार उर्फ गुलाब पिता नत्था सिह पवार उम्र 29 वर्ष निवासी खोडरी थाना जैतपुर जिला शहडोल हाल वार्ड क्र. 13 चंदास टोला अनूपपुर थाना कोतवाली अनूपपुर (म.प्र.) का होना बताया। जिससे सूझबूझ से पूछताछ की गई जिस पर संदेही के द्वारा 28.02.2024 को बुधवारी बाजार राजनगर से मोटर सायकल क्र. एमपी 18 एमएम 6013, दिनांक 15.03.2024 को सी सेक्टर राजनगर से मोटर सायकल वाहन क्र.सीजी 10 पी 0143, दिनांक 20.03.2024 को बुधवारी बाजार राजनगर से वाहन क्र० एमपी 65 एमबी 6102, दिनांक 17.04.2024 को बुधवारी बाजार राजनगर से मोटर सायकल वाहन क्र.सीजी 04 एलसी 3436, दिनांक 23.04.24 को आमाडांड




साप्ताहिक बाजार से मोटर सायकल वाहन क्र. सीजी 10 वाई 0307, दिनांक 30.04.24 को आमाडांड साप्ताहिक बाजार से मोटर सायकल वाहन क्र० सीजी 10 एयू 5513, दिनांक 10.05.2024 को न्यू डोला से मोटर सायकल क्र. सीजी 16 सीजे 5597 तथा जैतपुर क्षेत्र से वाहन क्र.एमपी 18 एमजे 0824 एवं मोटर सायकल एमपी 65 एमसी 3325, राजेन्द्रग्राम से वाहन क्र. एमपी 65 एमडी 8828 को चोरी करना बताया तथा चोरी किये गये मोटर सायकल वाहन क्र. एमपी 18 एमएम 6013 एवं वाहन क्र.सीजी 10 वाय 0307 को घनश्याम बैगा निवासी पुरानी बस्ती अनूपपुर को 10000 रुपए व 5000 रुपए में बेचना बताया तथा अन्य मोटर सायकल को अपने घर के पीछे तम्बू में छिपाकर रखना बताया है।

### दो आरोपी हुये गिरफ्तार

इस प्रकार थाना रामनगर के अपराध क्रमांक 100/24, 88/24, 106/24, 254/24, 256/24, 257/24 धारा 379 ता.हि. में कुल 07 प्रकरणो में 07 वाहनो को तथा 03 वाहन को धारा 102 जाफौ में कुल 10 वाहन कीमती करीबन दो लाख रुपए को 25 जून को जप्त किया गया तथा आरोपी विशम्भर सिंह पवार उर्फ गुलाब पिता नत्था सिहं पवार उम्र 29 वर्ष निवासी खोडरी थाना जैतपुर जिला शहडोल हाल वार्ड क्र. 13 चंदास टोला अनूपपुर थाना कोतवाली अनूपपुर एवं घनश्याम बैगा उर्फ दादी पिता प्रेमलाल बैगा उम्र 21 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती वार्ड क्र. 13 अनूपपुर को 25 जून को गिरफ्तार किया गया है। आरोपीगणो से अन्य चोरी की गाड़ियां बरामद हो सकती है। माननीय न्यायालय से आरोपीगणो का पीआर प्राप्त कर अन्य चोरी की गाड़ियों के सम्बंध में पूछताछ की जा रही है। इस प्रकार थाना रामनगर पुलिस के द्वारा कुल 10 वाहन कीमती करीबन दो लाख रुपए को दो आरोपियों से जप्त कर गिरफ्तार किया गया है।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अनूपपुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी कोतमा/अनूपपुर के निर्देशन में थाना प्रभारी रामनगर निरीक्षक अमर वर्मा के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक उमेश तिवारी, अशोक सिंह, प्रधान आरक्षक अमित पटेल, सनत द्विवेदी, श्रीश्याम शुक्ला, निरंजन खलखो, योगेन्द्र मिश्रा, बसन्त कोल, आरक्षक मनोज उपाध्याय, अनुराग सिंह, अनुराग भार्गव, राहुल प्रजापति, विनोद व चालक आरक्षक रिन्कू गोले तथा थाना कोतवाली अनूपपुर के प्रआर. महेन्द्र राठौर व फुनगा चौकी के आरक्षक राकेश कनासे एवं सायबर सेल अनूपपुर द्वारा कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर द्वारा मोटर सायकल बरामदगी कार्यवाही में उपरोक्त समस्त पुलिस बल को सराहनीय कार्य किये जाने पर पुरस्कृत किया गया।

---

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने 110 आवेदकों ने दर्ज कराई शिकायत



**अनूपपुर।** आम आदमी की समस्याओं के निराकरण के लिए आयोजित की जाने वाली साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में कलेक्टर आशीष वशिष्ठ एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा की अगुवाई में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा जनसुनवाई में आए लोगों की समस्याओं को सुना गया। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न स्थानों से अपनी समस्याएं लेकर आए 110 लोगों ने आवेदन-पत्र प्रस्तुत किए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर दिलीप पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में ग्राम कोठी तहसील कोतमा की जयमतिया पाव ने पट्टे की भूमि पर दबंग द्वारा जबरन कब्जा किए जाने, जैतहरी वार्ड नं. 4 के निवासियों ने रास्ता दिलाए जाने, ग्राम भेजरी तहसील पुष्पराजगढ़ की अनीता बाई ने भूमि का बंटवारा प्रकरण खारिज करवा दिए जाने, ग्राम नोनघटी तहसील पुष्पराजगढ़ के लल्लाराम चन्द्रवंशी ने ग्राम पंचायत द्वारा लगाए गए पौधों के नष्ट होने के संबंध में, ग्राम सुलखारी तहसील जैतहरी के सुन्दर सिंह ने नहर हेतु अधिग्रहीत की गई भूमि का मुआवजा दिलाए जाने, ग्राम पड़रिया थाना जैतहरी के बृजलाल सिंह गोंड़ ने भूमि का रिकार्ड सुधरवाए जाने, जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम पंचायत छुलहा की सरपंच श्रीमती माधुरी कोल ने नगदहा टोला के खपरपरा मोहल्ला में विद्युतीकरण कराए जाने के संबंध में आवेदन दिए।

**NAME CHANGE**

I, Umesh Kumar Rathour S/o. Dhani RamRathour R/o- 293,Ward No.12, Amgawan, Tehsil Jaithari Distt. Anuppur M.P. 484330, have changed my name Umesh Kumar Rathor to Umesh Kumar Rathour for all purpose for all future purpose.

**नाम परिवर्तन सूचना**

पूर्व मे मेरा नाम जुमाना था, वर्तमान में मेरा नाम धर्मगुरू के आदेश अनुसार धार्मिक रीति. रिवाज से जुमाना हुजैफा हो गया है। मेरा नाम में उपनाम संलग्न किया गया है अत: वर्तमान में मुझे जुमाना हुजैफा के नाम से जाना पहचाना जाए। निवास स्थान का पता- बिहाइंड राम जानकी मन्दिर नियर, बफाती खादी भन्डार वार्ड नं 4 अनूपपुर (म.प्र.)